RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम



# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 284 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, सोमवार 22 अगस्त 2022



पेज -6 पर जनसुनवाई रद्द होने के पीछे विधायकों की पहल नहीं ...

अनुभवों की सीढ़ी से उत्कृष्टता के शिखर की ओर बालको... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## छत्तीसगढ़ में हड़ताल, डीए और एचआरए बढ़ाने की मांग, 96 कर्मचारी संगठनों का हल्लाबोल

रायपुर। महंगाई भत्ता-DA और गृह भाड़ा भत्ता-HRA बढ़ाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के कर्मचारी संगठन सोमवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। दावा है कि, इस हड़ताल में 96 कर्मचारी-अधिकारी संगठन शामिल हो रहे हैं।



हड़ताल की वजह से अगले कुछ दिनों तक स्कूलों में पढ़ाई, न्यायिक प्रक्रिया, राजस्व मामलों के निपटारे से लेकर सामान्य सरकारी कामकाज ठप हो जाने का खतरा मंडरा रहा है। आंदोलन को लेकर सरकार भी सख्ती के मूड में है। कलेक्टरों को वैकल्पिक व्यवस्था से कामकाज जारी रखने को कहा गया है।

आंदोलन की अगुवाई कर रहे संगठन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बताया, फेडरेशन दो सूत्री मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलित है। इसमें केन्द्र के समान देय तिथि से 34% महंगाई भत्ता एरियर्स सहित एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता देने की मांग शामिल है। पिछले दिनों संगठन ने पांच दिनों के लिए हड़ताल किया था। तब अधिकारियों के साथ दो दौर की बातचीत में मांगों को माने जाने पर सहमति बन चुकी थी। बाद में सरकार ने ऐसे संगठनों को बातचीत के लिए बुला लिया जो आंदोलन में शामिल ही नहीं थे।

उसके बाद 6% महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश जारी हो गया। यह बहुत कम है और अधिकांश कर्मचारियों को यह स्वीकार नहीं है। ऐसे में प्रदेश के 96 कर्मचारी संगठनों ने 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। इसमें न्यायिक सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ और कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ भी शामिल हो रहा है। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब न्यायालयों के कर्मचारी किसी हड़ताल में शामिल हो रहे हों। कमल वर्मा ने कहा, यह हड़ताल मांगों के पूरा होने तक जारी रहेगा।

### कार्यालयों पर पड़ेगा बड़ा असर

*कलेक्टर कार्यालय, राजस्व विभाग, तहसील कार्यालय, जिला न्यायालय, लोक निर्माण विभाग, खनिज, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, कोषालय, स्वास्थ्य, सिंचाई, नवा रायपुर अंतर्गत समस्त संचालनालय एवं इंद्रावती भवन, लोक सेवा आयोग, परिवहन विभाग, जनपद पंचायत, कृषि विभाग, वन विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित 52 विभिन्न विभागों पर बड़ा असर पड़ सकता है। कई आयोग एवं मंडलों में भी काम ठप होने की संभावना है।*

## छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू के 100 मरीज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू के केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजे ऑकड़ों के मुताबिक मरीजों की संख्या 100 तक पहुंच गई है। इसमें से 54 मरीजों का इलाज अब भी जारी है।




सुअर से आई से यह संक्रमण की बीमारी छींकने-थूकने और मरीजों के संपर्क में आने से फैल रही है। बरसात की नम हवा में संक्रमण के मामलों में तेजी आ सकती है। डॉक्टरों का कहना है कि सावधान नहीं रहे तो यह स्वास्थ्य के लिए भारी पड़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक शनिवार को रायपुर में संक्रमण के चार नए मामलों की पुष्टि हुई। इसके साथ ही अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या 100 तक पहुंच गई है। 54 मरीजों का इलाज जारी है। वहीं एक चार वर्षीय बालिका की इस बीमारी की वजह से मौत हो चुकी है। स्वाइन फ्लू संक्रमण की चपेट में आए लोगों में 45 की इलाज के बाद छुट्टी दी जा चुकी है। सबसे अधिक 25 एक्टिव मरीज अकेले रायपुर में हैं। दुर्ग में 10 और रायगढ़-बस्तर में 3-3 मरीज हैं। धमतरी-कांकेर में 2-2 मरीज और दंतेवाड़ा, राजनांदगांव, बिलासपुर, कोरबा और कोरिया में एक-एक मरीज हैं।

### एक नजर

#### कस्टडी में आरोपी की संदिग्ध मौत

**रायपुर** । जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने राजधानी के गोल बाजार थाना क्षेत्र में चोरी के आरोप में गिरफ्तार दुर्ग जिला के निवासी आरोपी संजय यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो जाने पर सवाल उठाते हुए कहा आरोपी संजय यादव की पत्नी ने बकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर पुलिस पर पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पति के सिर पर डंडे से वार करने और पैसा देकर मामले को दबाने का गंभीर आरोप लगाई है। जिसे सरकार को गंभीरता से लेना चाहिए। इस प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग करते हुए भगवानू नायक ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है च्अपराध से घृणा करो अपराधी से नहींज् कानून को हाथ में लेने का किसी को भी अधिकार नहीं है।

## बाबा गुरू घासीदास के विचारों एवं सिद्धांतों को करें आत्मसात- गुरू रूद्रकुमार

ग्राम सिकोसा में मिनीमाता की प्रतिमा का किया अनावरण

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और ग्रामोद्योग मंत्री और सतनामी समाज के जगतगुरु गुरू रूद्रकुमार आज बालोद जिले में आयोजित सतनाम संदेश यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि सतनाम समाज के सभी अनुयायियों को परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास के विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात् कर अपने विचार एवं कर्म को स्वच्छ, सुंदर एवं उज्वल बनाए। उन्होंने सतनाम पंथ के प्रवर्तक परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास एवं अन्य गुरूओं के त्याग, तपस्या एवं उनके पावन कर्मों तथा गौरवशाली विरासत के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।



मंत्री गुरू रूद्रकुमार आज जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पाकुरभाट में सतनामी समाज द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री गुरू रूद्रकुमार का गुरूदर्शन, रावटी एवं सतनाम संदेश शोभायात्रा के अवसर पर बालोद जिले में सतनामी समाज के लोगों ने जगह-जगह पर आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। इस दौरान ग्राम ओटेबंद चौक, अर्जुन्दा चौक गुण्डरदेही, ग्राम सिकोसा, ग्राम पड़कीभाट एवं जिला मुख्यालय बालोद में सतनामी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सतनामी समाज के जगतगुरु गुरू रूद्र कुमार का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने ग्राम सिकोसा में प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता के प्रतिमा का अनावरण भी किया।

मौसम विभाग ने दी चेतावनी

## आने वाले 24 घन्टे में छत्तीसगढ़ सहित 3 अन्य राज्यो में हो सकती हैं भारी बारिश

ओडिशा में बने कम दबाव के कारण बना सिस्टम

**रायपुर** । ओडिशा में कम दबाव का एक क्षेत्र बनने से मूसलाधार बारिश होने के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो सकती है। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया है जिससे कुछ राज्यों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि डीप डिप्रेशन उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ गया है, अब उत्तर ओडिशा और दक्षिण झारखंड के पास में डीप डिप्रेशन है। इसके प्रभाव में ओडिशा के सुदरगढ़, देवगढ़ आदि जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। उन्होंने कहा कि कल से कुछ जगहों में कम बारिश हो सकती है और कुछ जगहों में हल्की से




मध्यम बारिश हो सकती है। मछुआरों को समुद्र के किनारे जाने के लिए मना किया गया है।

आने वाले24 घंटों के दौरान, दक्षिण झारखंड, छत्तीसगढ़ और पूर्वी और मध्य मध्य प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश संभव है। आंतरिक ओडिशा, दक्षिण उत्तर प्रदेश, कोंकण और गोवा, मध्य प्रदेश के शेष हिस्सों और पूर्वी राजस्थान में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। पश्चिमी हिमालय और विदर्भ में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, केरल, तटीय कर्नाटक, मध्य महाराष्ट्र और बिहार के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। पूर्वोत्तर भारत, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों, गुजरात, तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश और ओडिशा के शेष हिस्सों में हल्की बारिश संभव है। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में एक या दो जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है।

## युवाओं के साथ वादाखिलाफी, 24 को भाजपा व भाजयुमो करेंगी सीएम आवास का घेराव

दुर्ग। प्रदेश भाजपा एवं भाजयुमो ने राज्य के भूपेश बघेल सरकार पर युवाओं के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया है। जिसके विरोध में 24 अगस्त को राष्ट्रीय भाजयुमो अध्यक्ष एवं बेंगलुरु सांसद तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री आवास रायपुर में घेराव- प्रदर्शन कर जवाब मांगा जाएगा।




नेताओं ने घेराव -प्रदर्शन में दुर्ग संभाग के 6 जिलों से करीब 20हजार की संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने का दावा किया है। यह बातें राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय और पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में मीडिया से संयुक्त चर्चा में कही। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महामंत्री ललित चंद्राकर, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी केएस चौहान, दुर्ग संभाग भाजयुमो प्रभारी संजीव नारायण ठाकुर, जिला भाजयुमो अध्यक्ष नितेश साहू भी मौजूद थे। राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने प्रदेश में युवाओं की स्थिति के लिए राज्य की भूपेश बघेल सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए चर्चा में कहा कि राज्य सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र में युवाओं के लिए बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन युवाओं को राज्य सरकार आज तक 25सौ रू बेरोजगारी भत्ता नही दे पाई है।

## मुख्यमंत्री शामिल हुए स्वर्गीय अशोक सिन्हा के दशगात्र के कार्यक्रम में

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज माना बस्ती निवासी स्वर्गीय अशोक सिन्हा के दशगात्र के कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय श्री सिन्हा के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय श्री अशोक सिन्हा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा, राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री रामगोपाल अग्रवाल, राज्य खनिज विकास



निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, जिला सहकारी बैक रायपुर के अध्यक्ष, श्री पकंज शर्मा, माना बस्ती के वार्ड पंच श्री कुणाल सिन्हा सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

(रायपुर) दृष्टिहीन बालिकाओं के लिए योगाभ्यास सत्र प्रारंभ

0-योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने किया योग सत्र का शुभारंभ

0-दृष्टिहीन बालिकाओं ने योग और संगीत की मनमोहक प्रस्तुति

रायपुर, 21 अगस्त (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा योग को जन-जन तक पहुंचाने एवं योग को लोगों के दिनचर्या में शामिल कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए दृष्टिहीन बालिकाओं को योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने एवं आत्मशक्ति को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने आज रायपुर के

**प्रेस वार्ता...** छत्तीसगढ़ में अब रेवड़ी पॉलिटिक्स

## यहां कर्ज लेकर रेवड़ी बांट रही कांग्रेस - अजय चंद्राकर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और विधायक अजय चंद्राकर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सिवाय युवाओं के ठगने के कोई काम नहीं कर रही। शिक्षा, सरकारी नौकरियों में भर्ती ठप पड़ी है। यहां कांग्रेस युवाओं के हर मामले में उनका भविष्य खत्म कर रही है।




कांग्रेस को एक काम आता है और वो है रेवड़ी बांटना और कर्जा लेना। यहां चल रही राजीव मितान क्लब योजना रेवड़ी है, मैं बोलता हूं और कितनी रेवड़ियां बांट रहे हैं, मैं खुले मंच पर चुनौती देता हूं आकर बहस कर लें कांग्रेस के लोग।

चंद्राकर ने ये बातें रायपुर के भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। इसके बाद चंद्राकर ने ये भी कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में युवाओं के बेरोजगारी भत्ते का वादा था जो पूरा नहीं हुआ। इतना ही नहीं, मैं घोषणा पत्र के हर बिंदू पर चर्चा और बहस को तैयार हूं। चाहे तो वो पूरी कैबिनेट ले आएं, पूरे अफसर ले आएं मैं अकेला चर्चा करूंगा। खुली चुनौती देता हूं खुले मंच पर आएं और बहस करें।

### कहां घुस गे संगवारी

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बृजमोहन अग्रवाल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस की नरवा घुरवा गरवा बाड़ी योजना भी सही ढंग से नहीं चल रही। उन्होंने पूछा नरवा घुरवा गरवा बाड़ी कहां घुस के संगवारी। अजय चंद्राकर ने इस पर कहा कि इस योजना की बात करें तो कांग्रेस के पास बजट नहीं है। आत्मानंद स्कूल खुल रहे हैं, उसमें इनके पास बजट नहीं है।

### कलेक्टर अनुमति दें न दें आंदोलन होगा

*24 अगस्त को रायपुर में भाजपा प्रदेश स्तर का विरोध प्रदर्शन करने जा रही है। इसे लेकर जानकारी देते हुए, बृजमोहन और अजय चंद्राकर ने कहा कि सड़क पर अब युवाओं का गुस्सा देखने को मिलेगा। 24 अगस्त को तेजस्वी सूर्या आ रहे हैं, उनकी मौजूदगी में कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री निवास घेरने युवा जाएंगे। जिला प्रशासन से कार्यक्रम को लेकर अनुमति मिलने पर असमंजस के हालात हैं, इसे लेकर अग्रवाल ने कहा कि कलेक्टर अनुमति दें न दें आंदोलन होगा, छत्तीसगढ़ का नौ जवान सड़क पर उतरेगा।*

## फोन में अनजान को निजी व खातों की जानकारी ना दें

**रायपुर।** सुनो रायपुर के तहत प्रशासन के निर्देशानुसार जारी सायबर जागरूकता के अंतर्गत पुरानी बस्ती पुलिस थाने द्वारा महामाया अपार्टमेंट, पुरानी बस्ती में यहां के निवासियों के लिए जागरुकता शिविर लगाया गया। समिति के अध्यक्ष मुकेश शाह ने यह जानकारी दी। थाने के विपिन शर्मा व परदेशीराम कटारे ने इसमें बताया गया कि कैसे आनलाईन ठगी की वारदातें अंजाम दी जा रही है और इनसे कैसे बचा जा सकता है। इसमें बताया गया कि फोन में लुभावने आॉफर दें या किसी सर्विस के ब्लॉक होने को कहे तो झांसे में



आकर निजी जानकारी ना दें। लोन व लक्की ड्रा आदि को तवज्जो ना दें। अंजान व्यक्ति के कहने पर किसी भी एप्लीकेशन जैसे क्विक सपोर्ट, एनीडेस्क, टीम व्यूवर आदि इंस्टाल ना करें नहीं तो आपका फोन हैक हो जाएगा। अंजान नंबर से आए लिंक को क्लिक ना करें। रजिस्ट्रेशन अथवा अकाउंट टेस्ट के नाम से लिंक के नाम से राशि ट्रांसफर ना करें। अंजान लोगों से वीडियो कॉल में बात ना करें ना ही अंजान लोगों से सोशल मीडिया में दोस्ती करें। ओएलएक्स पर सामानों की खरीदी बिक्री पर सावधानी बरतें। आवश्यक निजी जानकारियां पब्लिक ना करें।

# भाजपा की राह में नीतीश रोड़ा, तो सुशासन बाबू के रास्ते में ममता व केजरीवाल हैं अड़चन

राजनीति के कुरुक्षेत्र में हर छोटी-बड़ी घटना का महत्व होता है और उनके नतीजे दूरगामी होते हैं। बिहार में अचानक जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है उसने इस धारणा को कमजोर कर दिया है कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए विपक्ष की तरफ से कोई चुनौती नहीं है। अचानक विपक्षी दलों में जान आ गई है और राजनीतिक विमर्श में नीतीश कुमार को मोदी के मुकाबले विपक्ष का चेहरा देखा जाने लगा है।

इस घटना से अति उत्साहित हो रहे भाजपा विरोधी राजनीतिक विश्लेषकों ने तो नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनने और अगले लोकसभा चुनावों में भाजपा और नरेंद्र मोदी की विदाई के सपने देखने भी शुरू कर दिए हैं।

लेकिन इस अति आशावाद के सामने अभी अनेक चुनौतियां हैं और अगर नीतीश कुमार को मोदी को चुनौती देनी है, तो उन्हें उन तमाम उलझनों को सुलझाना होगा, जो अब आने वाले दिनों में उनके सामने आने वाली हैं। उधर जिस तरह पार्थ चटर्जी प्रकरण के बाद ममता बनर्जी भाजपा और मोदी को लेकर नरम हुई हैं, और दिल्ली में शराब नीति को लेकर पड़े सीबीआई छापों के बाद अरविंद केजरीवाल 2024 में नरेंद्र मोदी के मुकाबले खुद को घोषित कर रहे हैं, उससे विपक्षी जमात में भ्रम और बढ़ रहा है। नीतीश कुमार को सबसे पहले 2024 लोकसभा चुनावों तक बिहार में महागठबंधन और उसकी सरकार को न सिर्फ एकजुट बनाए रखना होगा, बल्कि अपने कामकाज से उन तमाम आरोपों और आशंकाओं को भी गलत साबित करना होगा, जो विरोधियों खासकर भाजपा द्वारा लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों को एकजुट करने और उनके बीच अपनी स्वीकार्यता बनाने के लिए दोनों मोर्चों पर काम करना होगा। जहां कांग्रेस अभी राहुल गांधी से आगे सोचने को तैयार नहीं दिखती, वहीं ममता बनर्जी को साधना भी एक बड़ी चुनौती हो सकती है। शरद पवार, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, स्टालिन,



**कुरुक्षेत्र: अभी लोकसभा चुनावों में करीब पौने दो साल का वक्त है और उसके पहले इस साल गुजरात, हिमाचल प्रदेश, फिर अगले साल कर्नाटक, त्रिपुरा, मेघालय, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना विधानसभा के चुनाव हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निगाह सीधे 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की अपनी सीटें बढ़ाने और विपक्ष को ज्यादा से ज्यादा नीचे समेटने पर है...**

चंद्रशेखर राव, और वामदलों के साथ-साथ नवीन पटनायक, जगन मोहन रेड्डी, चंद्रबाबू नायडू और मायावती को क्या नीतीश कुमार किसी बड़े विपक्षी मोर्चे का हिस्सा बना सकेंगे। यह एक बड़ा सवाल है। अगर नीतीश कुमार इन सब चुनौतियों से निपट सकते हैं तो निश्चित रूप से वह 2024 में भाजपा के सामने एक चुनौती पेश कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें अपने सियासी कौशल और उदार मन से काम लेना होगा और केसी त्यागी जैसे अपने किसी पुराने सिपहसालार को दिल्ली में राजनीतिक मेल मिलाप की जिम्मेदारी देनी होगी। नीतीश कुमार इस दिशा में कितना आगे बढ़ेंगे, ये समय बतायेगा लेकिन भाजपा और खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के घटनाक्रम को हल्के में न लेते हुए इससे होने वाले संभावित सियासी नुकसान की भरपाई के इंतजाम शुरु कर दिए हैं। साथ ही पार्टी के भीतर भी मोदी-शाह के लिए रंच मात्र भी चुनौती बनने या बनने का सपना देखने वालों के पर भी कतरे जाने लगे हैं। पार्टी की नीति निर्णायक संस्था संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति से पूर्व अध्यक्ष नितिन गडकरी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बाहर करना, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस को शामिल करना और उत्तर प्रदेश के कद्दावर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इन दोनों में जगह न मिलना इसका साफ संकेत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आप सहमत हों या असहमत, उन्हें पसंद करें या नापसंद करें, लेकिन एक बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि वह हमेशा आगे की और दूर की सोचते हैं। जब देश के दूसरे राजनेता और अन्य दलों के शीर्ष नेता वर्तमान में जीते हैं और उसी हिसाब से अपने फैसले लेते हैं तब नरेंद्र मोदी वर्तमान की नींव पर भविष्य की इमारत का नक्शा बना रहे होते हैं।

उनके सारे राजनीतिक फैसले 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की अपनी सीटें 350 से पार और एनडीए की सीटें 400 पार के लक्ष्य को लेकर हो रहे हैं। अगले लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी के सिपहसालार गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ये नारा दे सकते हैं अबकी बार चार सौ पार। चाहे राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति की उम्मीदवारी का फैसला हो या राज्यसभा के लिए राष्ट्रपति द्वारा चार सदस्यों का नामांकन, ये सारे निर्णय 2024 के आम चुनावों के मद्देनजर ही लिए गए हैं। जबकि विपक्ष के पास 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर न कोई स्पष्ट नीति है न नेता और न ही रणनीति।

विनोद अग्निहोत्री

## संपादकीय

### सवाल ताकत और रणनीति का

आखिरकार चीन का सर्वे जहाज श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंच गया। स्पष्टत: भारत के पास इस बात की रणनीति होनी चाहिए थी कि श्रीलंका ने उसका आना नहीं रोका, तो भारत अगला कदम क्या उठाएगा। मीडिया में ऐसी रिपोर्टों की भरमार रही कि भारत सरकार ने श्रीलंका से चीन के कथित तौर पर जासूसी में सक्षम जहाज को कोलंबो के पास हंबनटोटा बंदरगाह पर ना आने देने को कहा है। भारत ने इस जहाज के वहां आने को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बताया। भारत की बात का असर भी हुआ। श्रीलंका ने पहले इजाजत देने के बाद भी चीन से कहा कि वह जहाज का हंबनटोटा पहुंचा टाल दे। लेकिन चीन ने इस स्वीकार नहीं किया। समझा जाता है कि इसके बाद चीन ने श्रीलंका को धमकी। दिवालिया हो चुका श्रीलंका चीन की धमकियों में आ गया। आखिरकार चीन का सर्वे जहाज युवान वांग-5 मंगलवार को श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंच गया। जाहिर है, इससे भारत के लिए असहज स्थिति बनी है। कूटनीतिक विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत के पास इस बात की रणनीति होनी चाहिए थी कि अगर श्रीलंका ने उसकी बात नहीं मानी, तो वह अगला कदम क्या उठाएगा। एक राय यह भी जताई गई है कि भारत की वर्तमान सरकार देश की वास्तविक शक्ति के आकलन के आधार पर नहीं, बल्कि उस शक्ति के आधार पर कदम उठाती है, जिसे उसने अपनी कल्पनाओं में जगह दे रखी है। इसका परिणाम अब सामने आया है। श्रीलंका पर चीन का काफी प्रभाव है, ये बात जग-जाहिर है। ये प्रभाव एक दिन में नहीं बना है। श्रीलंका ने 2017 में ही हंबनटोटा बंदरगाह को 99 साल की लीज पर चीन को दे दिया था।

## नीलेश देसाई को इस वर्ष सम्मान, जल संरक्षण को लेकर किया अथक प्रयास

**मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में सन 1987 से भील और भिलाला समुदाय के उत्थान के लिए काम कर रहे नीलेश देसाई को इस वर्ष के प्रतिष्ठित 'जमनालाल बजाज' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जमनालाल बजाज प्रतिष्ठान के डाक्टर आर.ए माशेलकर और शेखर बजाज ने कहा कि नीलेश को सन 2022 का पुरस्कार देते हुए प्रतिष्ठान गर्व महसूस कर रहा है क्योंकि निलेश ने सृजनात्मक कार्य के श्रेणी में असाधारण काम तीन से ज्यादा दशकों से किया और देश के अति पिछड़े इलाके में एक मॉडल प्रस्तुत किया है।**

झाबुआ कई लोगों कि कर्मभूमी रही है और आज जो अति पिछड़े आदिवासी नए रंग-रूप और स्वरूप में दिखते हैं उसके लिए कई लोगों का अनथक प्रयास रहा है। आजादी के आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चन्द्रशेखर आजाद का जन्म भी यहीं हुआ था। मामा बालेश्वर दयाल जैसे समाज कर्मियों से लेकर साधना खोचे, हेर्विग स्ट्रीब्यूल और पदमश्री जनक पलटा की भी यह जिला कर्मभूमी रही है। इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क से एमएसडब्ल्यू करने के बाद निलेश देसाई, जो मूलत: गुजरात के रहने वाले है, तिलोनिया (अजमेर) चले गए और वहां पर अरुणा राय की संस्था में समाज विज्ञान का ककहरा सीखा। तीन वर्ष तक सोशल वर्क एंड रिसर्च सेंटर पर अलग-अलग तरह के काम किए और उस दौरान वे कई तरह के समुदाय और संस्थाओं के साथ मिले।



नीलेश और उनके मित्रों ने नुक्कड़ नाटक, गीत, पोस्टर, बैनर आदि के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करके इस दिशा में सराहनीय कार्य किया है।

### जल संरक्षण को लेकर किया काम

भारत सरकार ने उस समय 10 जिलों को पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए चयनित किया था जहां पर स्वैच्छिक संस्थाओं की मदद से कुछ काम करने का इरादा किया था। सातवें वित्त आयोग के अंतर्गत टेक्नोलॉजी मिशन ने यह काम अपने हाथ में लिया था और बंकर रॉय उस समय योजना आयोग में सलाहकार थे। इन 10 जिलों में काम करने का मुख्य उद्देश्य था कि लोगों की जनभागीदारी से पानी की समस्या का स्थाई हल निकाला जाए और पानी के संरक्षण का काम किया जाए। बरसात की एक भी बूंद कहीं पर बह न जाए यह प्रयास किया जाना था।

मप्र का झाबुआ उनमें से एक जिला था। 1987 में यह काम आरंभ हुआ और झाबुआ की रैंकिंग सूखे प्रभावित जिलों में थी जहां मुख्यरूप से पहाड़ों और डूंगर वाला इलाका था। कई प्रकार की चुनौतियों के साथ पानी बचाने का काम शुरू हुआ।

उस दौरान नीलेश ने देखा कि यहां पर भील- भिलाला समुदायों के साथ काम करने का अलग अंदाज भी है और बहुत बड़ी चुनौतियां भी हैं। पूरे इलाके में शोषण भयंकर है, सरकारी- गैर सरकारी स्तर पर तो है ही, साथ ही छोटे-छोटे गांव और कस्बों में व्यापारियों का एक संगठित नेटवर्क है जो इनका शोषण करता है। राजस्थान में संस्थाओं के काम करने के लिए बहुत अच्छा माहौल है, परंतु मध्यप्रदेश जैसे पिछड़े इलाके में उस समय भी और अभी भी स्वैच्छिक संस्थाओं के लिए माहौल नहीं था। काम की शुरुआत हुई तो लोगों को जोड़ना बहुत मुश्किल था। लोग अक्सर इन लोगों को देखकर जंगलों में भाग जाते थे और बात करने के लिए तैयार नहीं होते थे। नीलेश और उनके कुछ मित्रों ने देखा कि यहां पर तेजाजी उत्सव बड़े पैमाने पर मनाया जाते हैं और तेजाजी जयंती के दौरान गांव-गांव में मेले लगते हैं। बस उन्होंने इसी आइडिया को पकड़कर अपने काम की शुरुआत की और सभी मेलों में पानी संरक्षण के छोटे-छोटे स्टॉल लगाना शुरू किए। इसका बड़ा फायदा हुआ और लोग जुड़ने लगे, क्योंकि पानी उनके जीवन से भी जुड़ा था। नीलेश और उनके मित्रों ने नुक्कड़ नाटक, गीत, पोस्टर, बैनर आदि बनाए जो पानी के संरक्षण को लेकर थे और इनका प्रदर्शन बड़े स्तर पर हर जगह किया।

संदीप नाईक

## मिला जुला

**गिरफ्तारी की तलवार के बीच सिसोदिया की बढ़ीं मुश्किलें**

# देश छोड़ने पर रोक, CBI का लुकआउट नोटिस

**नई दिल्ली.** दिल्ली में शराब घोटाले मामले में सीबीआई ने डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 14 लोगों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया है. सर्कुलर में उन आरोपियों के नाम हैं, जिनके खिलाफ सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है. हालांकि इसमें मुंबई की एंटरटनेमेंट इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के सीईओ विजय नायर का नाम शामिल नहीं है.

दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने शनिवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिरफ्तारी की आशंका जताई थी. उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए बड़े कामों पर ब्रेक लगाना चाहती है, इसीलिए हो सकता है कि 2-4 दिन में मुझे गिरफ्तार कर लिया जाए. इस बीच सीबीआई ने सिसोदिया समेत 14 लोगों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है. ये लुकआउट सर्कुलर सिसोदिया के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि अब ये लोग देश छोड़कर बाहर नहीं जा सकेंगे अगर इन्होंने ऐसा करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में भी लिया जा सकता है.



सीबीआई द्वारा सर्कुलर जारी किए जाने के बाद मनीष सिसोदिया ने पीएम मोदी का एक वीडियो ट्वीट किया है. उसके साथ ही उन्होंने लिखा, 'माना कि धीरे धीरे तो, मौसम भी बदलते रहते हैं, आपकी रफ़्तार से तो, हवाएं भी हैरान हैं साहब.'

**सीबीआई की FIR में ये 15 लोग**

1- मनीष सिसोदिया, डिप्टी सीएम, दिल्ली
2- आर्व गोपी कृष्ण, तत्कालीन एक्साइज कमिश्नर
3- आनंद तिवारी, एक्साइज डिप्टी कमिश्नर
4- पंकज भटनागर, असिस्टेंट एक्साइज कमिश्नर
5- विजय नैयर, CEO, एंटरटेनमेंट इवेंट मैनेजमेंट कंपनी, मुंबई
6- मनोज राय, पूर्व कर्मचारी, पेर्नोड रेकोर्ड
7- अमनदीप ढाल, डायरेक्टर, ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड, महारानी बाग
8- समीर महेंद्रु, मैनेजिंग डायरेक्टर, इंडोस्प्रिट ग्रुप, जोरबाग
9- अमित अरोड़ा, बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड, डिफेंस कॉलोनी
10- बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड
11- दिनेश अरोड़ा, गुजरावाला टाउन, दिल्ली
12- महादेव लिकर, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया
13- सनी मारवाह, महादेव लिकर
14- अरुण रामचंद्र पिल्लई, बंगलुरु, कर्नाटक
15- अर्जुन पांडेय, गुरुग्राम फेस-3, डीएलएफ

## राष्ट्रपति पुतिन के राइट हैंड डुगिन की बेटी की हत्या



**मॉस्को.** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का राइट हैंड कहे जाने वाले अलेक्जेंडर डुगिन की बेटी डारिया की हत्या का मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक डारिया डुगिन अपनी लैंड क्रूजर प्राडो कार से घर जा रही थीं. इसी दौरान उनकी कार को मॉस्को के पास ब्लास्ट कर उड़ा दिया गया. ब्लास्ट के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई. इस हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई. इसके साथ ही अलैक्जेंडर भी घटनास्थल पर पहुंच गए. रूसी मीडिया के मुताबिक मॉस्को के Odintsovsky जिले में लैंड क्रूजर कार में विस्फोट से उड़ाया गया था.

# आजाद के बाद आनंद शर्मा का इस्तीफा



■ गुलाम नबी,कांग्रेस के असंतुष्ठ 'जी 23' के मेंबर हैं

■ अपनी सिफारिशों को नजरअंदाज करने से पार्टी से खफा

■ आशंका है इसी कारण नई जिम्मेदारी लेने से इनकार किया

नई दिल्ली ए.। कांग्रेस का अंदरूनी कलह थमने का नाम नहीं ले रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के बाद अब एक और बड़े नेता आनंद शर्मा पार्टी से नाराज बताए जा रहे हैं। आनंद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव संचालन समिति (स्टीयरिंग कमेटी) के अध्यक्ष पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर इस्तीफा दिया है। उन्होंने लिखा- उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंची है, क्योंकि उन्हें पार्टी की किसी भी बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया। उन्हें पार्टी में नजरअंदाज किया जा रहा है। राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता शर्मा को 26 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश में संचालन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

### हिमाचल में इस साल होंगे विधानसभा चुनाव

कांग्रेस इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश में भाजपा से सत्ता हथियाने की कोशिश कर रही है। शर्मा को हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े नेताओं में माना जाता है। ऐसे में शर्मा का इस्तीफा देना कांग्रेस के लिए घाटा साबित हो सकता है। हालांकि शर्मा ने आश्वासन दिया है कि वे कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार में भाग लेंगे।

**हिमाचल में स्टीयरिंग कमेटी का चेयरमैन पद छोड़ा, सोनिया से बोले- नजरअंदाज किया जा रहा**

### आनंद शर्मा का राजनीतिक सफर

पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने पहली बार 1982 में विधानसभा चुनाव लड़ा था और 1984 में तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी द्वारा उन्हें राज्यसभा का टिकट दिया गया था। शर्मा तब से राज्यसभा सदस्य हैं और पार्टी में कई प्रमुख पदों पर रहे हैं।

### गुलाम नबी आजाद ने भी दिया था इस्तीफा

बता दें कि 4 दिन पहले यानी 16 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद को भी प्रदेश (जम्मू-कश्मीर) कैंपेन कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन आजाद ने अध्यक्ष बनाए जाने के 2 घंटे बाद ही पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने की वजह अब तक साफ नहीं है।

### सिफारिशों को नजर अंदाज करने से आजाद नाराज

सूत्रों के मुताबिक गुलाम नबी आजाद की नाराजगी इस बात से है कि उनकी सिफारिशों को नजर अंदाज किया जा रहा है, जिसकी वजह से उन्होंने नई जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया है। हालांकि कांग्रेस का कहना है कि आजाद ने खराब स्वास्थ्य के चलते कैंपेन समिति के अध्यक्ष का पद संभालने से इनकार किया है।

# राहुल का इनकार, सोनिया बीमार, प्रियंका का रिकॉर्ड बेकार, गैर-गांधी का कांग्रेस अध्यक्ष बनना तय!

**नई दिल्ली.** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष के चुनाव नजदीक आ रहा है। हालांकि, अभी तक पार्टी के शीर्ष पद के लिए नाम को लेकर चर्चाओं का दौर थमा नहीं है। खबर है कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी फिर से कमान संभालने के मूड में नहीं हैं। वहीं, मौजूदा अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के नाम पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसे लेकर सवाल बरकरार है कि पार्टी का नया अध्यक्ष गांधी परिवार से ही होगा या नहीं।



रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि शीर्ष पद स्वीकार करने के लिए राहुल को मनाने के लिए की जा रही कोशिशें असर नहीं दिखा रही हैं। वह अपने पार्टी सदस्यों की अपीलों को खारिज कर रहे हैं। वहीं, खबर है कि सोनिया गांधी ने भी स्वास्थ्य के चलते पार्टी अध्यक्ष पद पर लौटने की संभावनाओं से इनकार कर दिया है। इसके अलावा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम भी दौड़ में माना जा रहा था। दरअसल, सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के कई नेता गांधी को ही अध्यक्ष बनाना चाहते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद समीकरण बदल सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भक्त चरण दास ने बताया, 'हां, उन्होंने (राहुल गांधी) ने कहा है कि उन्हें दिलचस्पी नहीं हैं, लेकिन हम इसपर काम कर रहे हैं और उनसे पद संभालने का अनुरोध कर रहे हैं। नहीं तो उन्हें हमें बताना होगा कि यह पद कैसे भरा जाएगा।

# डीबी पावर लिमिटेड का अधिग्रहण करेगा अडानी ग्रुप

## जांजगीर-चांपा में है 600 मेगावॉट की दो यूनिट

**जांजगीर चांपा ।** अडाणी पावर ने DB पावर लिमिटेड का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। ये उपक्रम 7,017 करोड़ रुपये का होगा। DB पावर लिमिटेड के पास छत्तीसगढ़ के जांजगीर चंपा जिले में 600-600 मेगावॉट दो इकाइयां (दो गुना 600) है, जिनका वह परिचालन करती है। जिसे आडानी ग्रुप ने खरीदने की घोषणा की है।



अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी पावर लिमिटेड ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि कंपनी के पास 923.5 मेगावॉट क्षमता को लेकर दीर्घकालीन और मध्यावधि बिजली खरीद समझौता है। इसके साथ ही ईंधन आपूर्ति के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ करार है और कंपनी मुनाफे में है।

### डीबी पावर के पास दो यूनिट

सूचना के मुताबिक, ''अडाणी पावर लिमिटेड डीबी पावर लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए सहमत हुई है। कंपनी के पास छत्तीसगढ़ के जांजगीर चंपा जिले में 600-600 मेगावॉट की दो यूनिट हैं। ये अधिग्रहण उपक्रम मूल्य 7,017 करोड़ रुपये में होगा। यह सौदा बंद होने की तिथि के समायोजन पर निर्भर है। अडाणी पावर सौदे के तहत डिलिजेंट पावर प्राइवेट लिमिटेड (DPPL) के कुल जारी अभिदान वाले और चुकता शेयर के साथ तरजीही शेयर का अधिग्रहण करेगी। DPPL, डीबी पावर की होल्डिंग कंपनी है।

### बिजली क्षेत्र में विस्तार कर सकता है अडानी ग्रुप

अधिग्रहण की समयसीमा के बारे में कंपनी ने कहा कि शुरुआती समझौते के तहत ये 3 अक्टूबर, 2022 तक पूरा होगा। हालांकि, आपसी सहमति से इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। इस अधिग्रहण से अडाणी पावर छत्तीसगढ़ में तापीय बिजली क्षेत्र में विस्तार कर सकेगी।

# यादव चाल सिरमिना में मनाया गया जन्माष्टमी का त्यौहार

कोरबा । कोरबा जिले के अंतिम छोर सिरमिना में बड़ी धूमधाम के साथ कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया। भादो मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया जाता है।



यादव चाल सिरमिना में निवासरत शिक्षक/शिक्षिकाओं ने मिलकर बच्चों को श्री कृष्ण एवं राधा रानी बनाकर उसकी पूजा अर्चना किये। श्री कृष्ण स्वरुप में रोहन कश्यप एवं राधा स्वरुप में गायंतिका कश्यप थी। भक्ति गीत में राधा रानी एवं श्री कृष्ण ने मिलकर नृत्य किया। श्री कृष्ण के द्वारा मटकी फोड़ी गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में रमेश कुमार चन्द्रा (प्राचार्य), फेकूराम यादव, शांति लाल कश्यप (शिक्षक), नरेश कुमार साहू (शिक्षक), शशिकांत साहू(शिक्षक), अर्जुन कुमार कश्यप (शिक्षक), शंकर लाल चौधरी (शिक्षक), गीता कश्यप, बजन्ती भगत (ब्याख्याता), प्रफुल्ला टोप्पो (ब्याख्याता), संध्या कंवर(ब्याख्याता), सरीता यादव(शिक्षिका), बुधवारो यादव(कार्यकर्ता),श्यामता यादव(कार्यकर्ता), प्रियंका रानी यादव एवं ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

**एक नजर**

## छत्तीसगढ़ की सीनियर आइएएस एम गीता का लम्बी बीमारी के बाद आज देर शाम निधन



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ की सीनियर आइएएस अधिकारी श्रीमती एम गीता का लम्बी बीमारी के बाद आज देर शाम निधन हो गया। वर्ष 1997 बैच की अधिकारी गीता बीते कुछ समय से अस्वस्थ थी। ब्रेन स्ट्रोक की बीमारी के कारण उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। किडनी फेल्युवर और ब्रेन स्ट्रोक को मृत्यु का प्रमुख कारण बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से वह कोमा में थी। आइएएस गीता के निधन का समाचार मिलते ही छत्तीसगढ़ के आईएएस अधिकारियों में शोक फैल गया है।

# ट्रक ड्राइवर उसे लूटपाट करने वालों को 24 घंटे के बाद भी नहीं पकड़ पाई बिलासपुर पुलिस

### तुर्कीडीह और लोखंडी के बीच तीन ट्रक ड्राइवरों से खुद को खनिज विभाग का फिल्ड अफसर बताकर 60 हजार लूटें

**बिलासपुर ।** 19 अगस्त की रात कार सवार युवकों ने खुद को खनिज विभाग का फील्ड अफसर बताते हुए तुर्काडीह और लोखंडी के बीच तीन ट्रक के ड्राइवरों 60 हजार रुपये लूटपाट की थी। पुलिस 24 घंटे बाद भी आरोपितों को नहीं पकड़ पाई है। कोनी थाना परिसर में आरोपित युवक अपनी कार छोड़कर भाग गए थे। कोनी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।




19 अगस्त की रात तीन ट्रक ड्राइवर कोयला लेकर कोरबा से लोखंडी आ रहे थे। तुर्काडीह पुल क्रास करने के बाद उनकी ट्रक को कार सवार युवकों ने रोक लिया। उन्होंने खुद को माइनिंग विभाग का फील्ड आफिसर बताया। इसके बाद उन्होंने ट्रक ड्राइवरों पर कोयले में मिलावट का आरोप लगाते हुए मारपीट की। उनके ड्राइविंग लाइसेंस और रुपये छीन लिए। युवकों ने एक के बाद एक तीन ट्रक के ड्राइवरों से लूट की। इसके बाद उन्होंने ड्राइवरों को एक मोबाइल नंबर देकर ट्रांसपोर्टर से बात कराने को कहा। ड्राइवरों ने इसकी जानकारी अपने मालिकों को दी।

इस पर ट्रांसपोर्टरों ने पूरे मामले की सेटिंग के लिए दो लाख रुपये देने की बात कहते हुए लुटेरों को तुर्काडीह पुल के पास बुलाया। शुक्रवार की दोपहर लुटेरे वहां रकम लेने के लिए पहुंचे । वहां पर ट्रांसपोर्टरों के साथ अन्य लोग भी मौजूद थे। भीड़ देखकर लुटेरे कोनी की ओर भागने लगे। उनके पीछे ट्रांसपोर्टर के साथी भी गए। लुटेरों ने अपनी कार कोनी थाने में घुसा दी। इसके बाद थाना परिसर में कार खड़ी कर पीछे की ओर से भाग निकले। ट्रांसपोर्टर ने इसकी जानकारी कोनी थाने में दी। इस पर कोनी पुलिस ने कार के नंबर की जांच की। कार एक पूर्व नगर सैनिक के नाम पर निकली। इसके आधार पर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। घटना के 24 घंटे बाद भी आरोपितों के बारे में पता नहीं चल पाया है।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने दिया इस्तीफा

**रायपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की संचालन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि सोनिया गांधी को लिखे पत्र में कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने कहा कि वे अपने स्वाभिमान के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि प्रमुख बैठकों में नहीं बुलाए जाने के कारण आनंद शर्मा कांग्रेस में खुद को उपेक्षित और अलग-थलग महसूस कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक आनंद शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे पत्र में कहा कि उनका स्वाभिमान नॉन निगोशिएबल है। उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है। आनंद शर्मा के इस्तीफ से पहले त्र23 समूह के दूसरे नेता गुलाम नबी आजाद ने भी जम्मू-कश्मीर में अभियान समिति के अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था।



हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने पार्टी के संचालन समिति अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे एक पत्र में आनंद शर्मा ने लिखा- प्रमुख बैठकों में आमंत्रित नहीं किए जाने से उनके आत्म-सम्मान को ठेंस पहुंची है। बता दें, इससे पहले पार्टी आलाकमान ने बीते दिनों प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और कांगड़ा के विधायक पवन काजल को पद से हटा दिया गया। नए कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर चंद्र कुमार की नियुक्ति की गई है। पवन काजल पर पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगा है।

# सोमवार से कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

### 34 प्रतिशत भत्ता को लेकर प्रशाशन पर बनाएंगे दबाव

**बिलासपुर ।** केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता और गृहभाड़ा के लिए फेडरेशन के अधिकारी-कर्मचारी सोमवार से आंदोलन पर रहेंगे। इस दौरान सभी प्रशासनिक विभाग के दफ्तर बंद रहेंगे। कामकाज ठप रहेगा। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने जल संसाधन विभाग, वन विभाग,संयुक्त संचालक कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर निगम बिलासपुर में संपर्क कर आंदोलन की रणनीति के बारे में चर्चा की गई। इसके अलावा अनिश्चित कालीन आंदोलन की रणनीति तैयार कर ली गई है।

इससे पहले भी 25 जुलाई से 30 जुलाई तक काम बंद कमल बंद के तहत आंदोलन पर गए थे। पांच दिन के बाद फिर से काम पर लौटे थे। हाल ही में शासन ने अधिकारी-कर्मचारियों को छह प्रतिशत डीए जारी किए। शेष छह प्रतिशत को रोक दी गई। इस बार संपूर्ण मांग को लेकर फेडरेशन संघ अधिकारी-कर्मचारी अनिश्चित काल के लिए आंदोलन पर जाएंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ कांग्रेस अधिकारी-कर्मचारी दैनिक वेतनभोगी, कार्यभारित, परमानेंट गैंगमैन संगठन ने बैठक कर 22 अगस्त से शुरू होने वाली अनिश्चितकालीन आंदोलन में शामिल होंगे। आदिवासी विकास विभाग में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित वेतनमान देने की मांग की गई है। सरकारी विभागों में काम करने वाले दैनिक वेतनभोगियों को नियमित करने की मांग करेंगे। साथ ही स्थानांतरण निति वर्ष 2022 में व्याप्त विसंगतियों पर शासन को ज्ञापन सौंपेंगे। गंभीर बीमार कर्मचारियों व एक साल से कम वाले सेवारत कर्मचारियों के स्थानांतरण में छूट देने के लिए सरकार से बात करेंगे।

**न्यायालयीन कर्मचारी भी होंगे शामिल** - पहली बार पूरे प्रदेश के न्यायालयीन तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। सभी जिला सत्र न्यायालयों के अधीन कार्य करने वाले कर्मचारियों ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को लिखित में जानकारी दे दी है। इसके अलावा कनिष्ठ सेवा संघ के अधिकारी भी हड़ताल करेंगे।

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमो के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र सिंह पैकरा ने आज अपने कार्यालय में सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवाश्यक निर्देश दिए। उन्होंने हड़ताल की स्थिति में अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था, कोविड वैक्सिनेशन, रूटीन वैक्सिनेशन पर चर्चा की। साथ ही लेप्रोसी हेतु जहां से ज्यादा केस निकल रहे है



वहा सभी विभागों का सहयोग लेते हुए ग्रामो का सघन सर्वे हेतु निर्देशित किया। सीएमएचओ ने चिकत्सको को एमएलसी, पोस्टमार्टम, शॉक मैनेजमेंट, स्नेक बाइट मैनेजमेंट ट्यूबरक्यूलोसिस मैनेजमेंट की ट्रेनिंग कराने हेतु निर्देशित किया।

# एसडीएम ने रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का किया निरीक्षण

### तहसीलदार को समय समय पर निरीक्षण करने के दिए निर्देश

**बिलासपुर ।** रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे औचक निरीक्षण करने पहुंचे कोटा एसडीएम श्री सूरज साहू ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की अव्यवस्था को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। कोविड वैक्सीन महाअभियान का कार्य सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र मे बंद मिला । एसडीएम ने ड्यूटीरत डॉक्टरों व कर्मचारियों की सूची चस्पा करने को कहा। सामुदायिक केन्द्र में कोटा एसडीएम ने व्यवस्था सुधार करने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही रतनपुर तहसीलदार श्री प्रकाश साहू को समय समय पर स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अस्पताल मे भर्ती हुए मरीजो का हालचाल जाना। मरीजो ने अस्पताल प्रबंधन व्दारा दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता सुधरवाने की मांग कोटा एसडीएम से की। एसडीएम ने मरीजों को दी जाने वाले भोजन व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



# एनएमडीसी में स्थानीय भर्ती को लेकर तुलिका कर्मा ने युवाओं के साथ किया चक्काजाम आंदोलन

### दो दिन के भीतर लेबर सप्लाई में होगी स्थानीय युवाओं की भर्ती, युवाओं में हर्ष का माहौल

दंतेवाड़ा। लेबर सप्लाई में स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिलने पर आज जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण युवाओं ने एनएमडीसी बचेली पहुँच चक्काजाम कर दिया।





लगभग 6 घंटे के इस चक्काजाम में एनएमडीसी के कार्यालय के साथ प्लांट का कार्य भी पूरी तरह बंद रहा। जिपं अध्यक्ष ने युवाओं के साथ मिलकर एनएमडीसी बचेली के चेक पोस्ट पर धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम किया। इस दौरान एनएमडीसी बचेली के सीजीएम पीके मजूमदार ने तुलिका कर्मा को मनाने का असफल प्रयास किया पर जिपं अध्यक्ष नहीं मानी भारी बारिश के बीच भी एनएमडीसी के खिलाफ नारेबाजी करती रही। जिपं अध्यक्ष ने एनएमडीसी प्रबंधन से मांग रखी कि वह लाल पानी प्रभावित इलाकों के हर पंचायत से पांच युवक व पांच युवतियों को लेबर सप्लाई में रखने को कहा। तुलिका ने कहा कि एनएमडीसी हमेशा से स्थानीय लोगों के साथ छलावा किया है। लेबर सप्लाई जिस पर सबसे पहला हक स्थानीय लोगों का है उस पद पर प्रबंधन ने बाहरी लोगों को बैठा कर रखा है। एक आरोप लगाते हुए तुलिका कर्मा ने कहा कि जिन लोगों को प्रबंधन ने कार्य पर रखा है उन्हें प्रताड़ित किया जाता है और महीने में केवल 7 दिन ही कार्य लेकर उन्हें घर में बैठा दिया जाता है। तुलिका ने आगे कहा कि एनएमडीसी चाहती है की आगे कोई आंदोलन ना हो तो तत्काल हमारे स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करें।

तुलिका ने कहा कि कोरोना काल के दौरान हमारे आदिवासी बच्चों को अपोलो अस्पताल में नोकरी करवाया गया पर जब कोरोना काल कम हुआ तो हमारे बच्चों को निकाल दिया गया और उस पोस्ट पर बाहरी लोगों की पोस्टिंग कर दी गई। जिन बच्चों ने जान जोखिम में डालकर कार्य किया उसे प्रबंधन ने पैसे उन्हें ही हटा दिया।

लगातार उपेक्षा का दंश झेल रहे युवाओं ने भी कहा कि प्रबंधन द्वारा हमें लगातर गुमराह किया जा रहा है। एनएमडीसी कार्यालय पहुँचने पर हमें घुसने नहीं दिया जाता, अधिकारी कोई जवाब नहीं देते जिसके कारण आज हम सभी आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन के दौरान एनएमडीसी के अधिकारियों व युवाओं के बीच काफी नोक-झोंक भी हुई, जिससे पूरा माहौल काफी तनावपूर्ण रहा। लगभग 6 घण्टे की मशक्कत के बाद स्थानीय ग्रामीण युवाओं को दो दिन के भीतर लेबर सप्लाई में लेने हेतु राजी हुआ। धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम, महामंत्री सलीम रजा उस्मानी, जनपद सदस्य मुकेश कर्मा, मनीष भटाचार्य, मीरा भास्कर, दुगेली संरपंच सुंदरी कर्मा, पढापुर सरपंच शांति कुंजाम, जयमती भास्कर, संतोष दुबे, राजू तामो समेत भांसी, धुरली, बेहनार, नेरली, कमेली, मोलसनार, पढ़ापुर, दुगेली से भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जिले के विद्यार्थियों ने सिनेमा घर में देखी 'गांधी' फिल्म

### शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क किया गया फिल्म का प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





छत्तीसगढ़ शासन राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में 20 से 30 अगस्त 2022 तक सभी मॉल व मल्टीप्लेक्स तथा टॉकीज में प्रात: 9 बजे से 12.30 बजे तक रिचर्ड एटनबेरो कृत ऐतिहासिक गांधी फिल्म का नि:शुल्क प्रदर्शन किया जाना है। जिसके तहत रायगढ़ जिले के गोपी टॉकीज व ग्रांड माल में रिचर्ड एटनबरो कृत ऐतिहासिक फिल्म 'गांधी' का नि:शुल्क प्रदर्शन किया गया। विदित हो कि यह फिल्म शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 11 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को दिखाने हेतु प्रदर्शित की जा रही है। इसी कड़ी में 21 अगस्त 2022 को रायगढ़ जिला मुख्यालय के गोपी टॉकीज व ग्रांड मॉल में बच्चों के लिए फिल्म गांधी का नि:शुल्क प्रदर्शन किया गया। गोपी टॉकीज में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जूटमिल रायगढ़ के लगभग 150 बच्चों ने महात्मा गांधी पर आधारित फिल्म गांधी का आनंद लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय के प्राचार्य, व्याख्याता एवं शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने पूरे उत्साह व अनुशासन के साथ फिल्म गांधी देखा। स्कूली बच्चों ने पूर्ण अनुशासित होकर अपने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में मल्टीप्लेक्स में फिल्म गांधी के विभिन्न पहलुओं को बड़ी गंभीरता के साथ देखा एवं फिल्म प्रदर्शन के पश्चात अपने जिज्ञासा को संबंधित शिक्षकों एवं जिला प्रशासन से आए हुए अधिकारियों के मध्य साझा किया। फिल्म देखने के बाद बच्चों ने प्रतिक्रिया स्वरूप कहा कि यह फिल्म उनके लिए दो तरह से लाभकारी रही। एक तो वे सभी इस ऐतिहासिक फिल्म को देख पाए तथा दूसरा मॉल व मल्टीप्लेक्स जैसे आकर्षक जगह को देख व घूम पाए। इस तरह रविवार का यह दिन उनके लिए अविस्मरणीय रहा। आज फिल्म के प्रदर्शन के समय जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य सभी जगह उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते रहे। उनके मार्गदर्शन में अवकाश के दिन बच्चों को अनुशासित व आरामदायक वातावरण में फिल्म देखने का अवसर प्राप्त हुआ। आज सभी प्रदर्शन स्थलों पर जिला, विकासखंड तथा संकुल स्तर के अधिकारी समन्वय आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अनुशासन एवं व्यवस्था को संभाले हुए थे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, जिला मिशन समन्वयक जे.के.राठौर, सहायक परियोजना अधिकारी, प्राचार्य चंद्रा, बीआरसीसी मनोज अग्रवाल, सीएसई मनोज पटेल, प्राचार्य राजेश डेनियल, सीएसी सुरेश पटेल, जगत राम जाफरी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। गांधी फिल्म देखने वाले विद्यालयों में शासकीय उच्च माध्य विद्या चक्रधर नगर, उमावि जूटमिल, सरदार बल्लभभाई पटेल उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, शालिनी कॉन्वेंट स्कूल, तिलक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, बाबा आदर्श स्कूल चक्रधर नगर, सेंट्रल स्कूल रायगढ़ के विद्यार्थीगण एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशों का जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा पालन

#### मनोरा एवं फरसाबहार के स्वामी आत्मानंद विद्यालय के बच्चों को स्कूल आवागमन के लिए उपलब्ध कराई गई बस सुविधा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जशपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण के अंतर्गत आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में किए गए घोषणाओं एवं निर्देशों का पालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है।



मुख्यमंत्री बघेल के समक्ष फरसाबहार के पमशाला एवं मनोरा के आस्ता में हुए जन चौपाल में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय आवागमन के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया था। जिस पर मुख्यमंत्री बघेल ने बच्चों की मांग को संवेदनशीलता से लेते हुए जिला प्रशासन को परिवहन हेतु बस व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया था। मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी जे के प्रसाद द्वारा मनोरा एवं फरसाबहार के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अध्ययनरत दूर दराज के क्षेत्रों से आने वाले बच्चों की विद्यालय आवागमन की सुविधा के लिए बस की व्यवस्था की गई है। जिसके अंतर्गत मनोरा में 25 एवं फरसाबहार में 35 विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे है। साथ ही बच्चों को 50 प्रतिशत किराए में छूट भी प्रशासन द्वारा दी जा रही है। बस की सुविधा मिल जाने से बच्चों के साथ साथ उनके पालकों को भी राहत मिली है। अब उन्हें अपने बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने की समस्या नहीं रह गई है। इससे उनके पैसे एवं समय की बचत हो भी रही है। सभी बच्चों ने बस सुविधा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री बघेल एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है।

### जिले में 916 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 21 अगस्त तक 916 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 40.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1135.3 मिली मीटर, पुसौर में 1188.9, खरसिया में 929.8, सारंगढ़ में 1190.3, बरमकेला में 868.1, घरघोड़ा में 729.5, तमनार में 946.9, लैलूंगा में 805.8, धरमजयगढ़ में 779.2, सरिया में 831.3 एवं छाल में 671 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स में प्रवेश हेतु 25 अगस्त तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन, रायपुर में होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स होटल मैनेजमेंट में डिग्री कोर्स-बीएससी (हॉस्पिटलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन), डिप्लोमा कोर्स-डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस तथा डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग आपरेशन का संचालन, छ.ग. शासन द्वारा किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए उक्त डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों के प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदकों से 25 अगस्त 2022 तक ई-मेल cssdmraigarh@gmail.com एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय, रायगढ़ में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। चूंकि प्रवेश हेतु सीटों की संख्या सीमित है अत: अधिक आवेदन होने पर मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु चयन किया जाएगा। डिग्री, डिप्लोमा कोर्स की अवधि पूर्ण करने हेतु आवेदकों के शिक्षण शुल्क एवं छात्रावास तथा मेस शुल्क जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जावेगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिले के खनन प्रभावित क्षेत्र की सूची तथा आवेदन फार्म हेतु जिले की वेबसाइट www.raigarh.gov.in एवं कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# नवलपुर में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय विशाल सतनामी कवि सम्मेलन आयोजन सफल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



शनिवार को प्रात: स्मरणीय परम् पूज्य गुरु बाबा घासीदास जी के द्वितीय पुत्र वीर प्रतापी राजा गुरु बालक दास जी के 217 वीं जयंती के शुभ अवसर पर समस्त ग्रामवासी नवलपुर एवं सतनामी साहित्यकार बेमेतरा के सहयोग से बेमेतरा जिला में पहली बार राज्य स्तरीय विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर के प्रतिभागी कवि ,कवियित्री,

साहित्यकार व कलमकार गण उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- मान.मंगत रविंद्र जी( वरिष्ठ साहित्यकार महाकाव्यकार छ.ग.), अध्यक्षता- मान.ज्ञानी लहरे जी(वरिष्ठ साहित्यकार छ.ग.), विशिष्ट अतिथि - मान.डॉ.अनिल भतपहरी जी(सतनाम साहित्य प्रकोष्ठ प्रगतिशील (छ.ग.)सतनामी समाज, आदर्श सरपंच मान.श्रीमती नीता सुशील टण्डन जी (ग्राम पंचायत-नवलपुर) रहे। इस पावन मंच के माध्यम से प्रदेश भर के कवि, गीतकार, छन्दकार, ग़ज़लकार जैसे समस्त साहित्यकारों ने अपनी गीत, कविता, ग़ज़ल व विभिन्न छंद के द्वारा समस्त मानव को जगाने व सही दिशा में लाने का प्रयास किया। बालिका शिक्षा पर विशेष बल दिया गया एवं समाज में व्याप्त कुरुतियों को भी दूर करने का प्रयास किया गया। सभी की प्रस्तुति बेहतरीन एवं सारगर्भित रही। आये हुए सभी साहित्यकारों को फल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । 21 कलमकारों को विशेष रत्न ,शील्ड व शॉल से सम्मानित किया गया। इस कवि सम्मेलन में शामिल होने वाले साहित्यकारों में यशवंत सतनामी जी, दिलीप कुमार खोटे(आशु), राजकिशोर धिरही, रामनाथ रात्रे, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर, डी.पी.लहरे मौज, इंजी.गजानंद पात्रे सत्यबोध, कार्तिक पुराण

घृतलहरे, अनिल जांगड़े, बुंदराम जांगड़े, अखिलेश सोनी, रोहित सोनवानी, डी.पी.लहरें मौज दयालु भारती, नोकेश मधुकर आजाद अश्विनी कोसरे प्रेरक, मुसाफिर चेलक, गेंदलाल, ओमप्रकाश सभी का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम की समाप्ति के पूर्व आभार व्यक्त करते हुए।

# ग्राम पंचायत चिचिरदा में कृष्णा जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



ग्राम पंचायत चिचिरदा में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्णा जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाया गया एवं विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें बजरंग समिति के द्वारा कार्यक्रम आयेजित ऊपर मटका फोड़,निचे मटका फोड़, कुर्सी दौड़,अंदर बहार,चिल झपट, बाड़ा चौक में कृष्णा जन्माष्टमी के पावन पर्व में मटका फोड़ का आयोजन रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सरपंच रामलाल पैंकरा उपसरपंच जेठु निषाद पंच प्रतिनिधि तामकर यादव, समिति के अध्यक्ष कमल यादव सचिव रामप्रकाश यादव संरक्षक राजा यादव कोषाध्यक्ष दुलेशवर यादव सुग्रीव यादव, सुरेंद्र यादव, रामचन्द्र यादव, रोशन पैंकरा,राजेश यादव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## स्व. घनश्याम बंसल को व्यापारी संघ ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रायगढ़ के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एन्ड इंड्रस्टीज़ रायगढ़ इकाई के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्व. घनश्याम दास बंसल के दुखद निधन पर रायगढ़ व्यापारी संघ ने गहरा शोक प्रकट करते हुए उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। व्यापारी संघ के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल, हीरा मोटवानी, बजरंग महमिया, राजेश अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल कबीर चौक, रवि अग्रवाल, ललित बोंदिया एवं नन्द किशोर अग्रवाल सारंगढ़, मुकेश मित्तल खरसिया ने कहा कि स्व. घनश्याम दास बंसल एक जिंदादिल खुशमिजाज और सुलझे हुए व्यक्ति थे, सदैव मुस्कुराते घन्नू भैय्या हमारी टीम की जान थे उनके सानिध्य में चेंबर ने नयी उचाइयां हासिल की हैं। उनका निधन हमारे लिये अपूरणीय क्षति है। हम उनके साथ बिताये उन खुशनुमा पलों को याद करते हुए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह साथी स्वर्गीय घनश्याम दास बंसल की आत्मा को चीर शांति और उनके परिजनों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स में प्रवेश हेतु 25 अगस्त तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़** । स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन, रायपुर में होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स होटल मैनेजमेंट में डिग्री कोर्स-बीएससी (हॉस्पिटलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन), डिप्लोमा कोर्स-डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस तथा डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग आपरेशन का संचालन, छ.ग. शासन द्वारा किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए उक्त डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों के प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदकों से 25 अगस्त 2022 तक ई-मेल cssdmraigarh@gmail.com एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय, रायगढ़ में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। चूंकि प्रवेश हेतु सीटों की संख्या सीमित है अत॰ अधिक आवेदन होने पर मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु चयन किया जाएगा।

# 22वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुआ रंगारंग शुभारंभ

### विधायक रामपुकार ने खेल ध्वज फहराकर राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता किया शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।





22 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ आज जशपुर के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में किया गया। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि विधायक पत्थलगांव व उपाध्यक्ष जनजातीय सलाहकार परिषद राम पुकार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक जशपुर विनय भगत ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जशपुर नगर पालिका अध्यक्ष नरेश चंद्र साय, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर, सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी जे के प्रसाद, एसडीएम बालेश्वर राम, अजय गुप्ता, सूरज चौरसिया, सुरेश जैन, अनिल किस्पोट्टा, रवि शर्मा अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारीगण एवं विभिन्न जिलों से आए दल उपस्थित थे। मुख्य अतिथि रामपुकार सिंह द्वारा माता सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित किया। राजगीत की प्रस्तुति के साथ ही विधायक रामपुकार सिंह ने शालेय क्रीड़ा का ध्वज फहराया। इसी के साथ राज्य के 5 जोन के क्रीड़ा ध्वज फ हराये गए। खिलाड़ियों द्वारा उत्साहवर्धक मार्चपास्ट किया गया। रामपुकार सिंह ने प्रदेश के 5 संभाग के खेल मुख्यालय से आए 240 खिलाडियों को खेल भावना से खेल खेलने के लिए सद्भावना की शपथ दिलाई। शुभांरभ समारोह के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर एवं सेंट जेवियर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। साथ ही सेंट जेवियर विद्यालय के बैंड द्वारा भी उत्साहवर्धक बैंड का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुकार सिंह द्वारा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे खेल भावना के साथ खेलकर अपने जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने जिस विश्वास के साथ जिले को 22वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन सौंपा हैए वह जिले के लिए गौरव की बात है। ऐसे आयोजन बार-बार नहीं मिलते। हम सबका दायित्व है कि इस आयोजन को सफ्ल बनाएं इस हेतु उन्होंने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन को आयोजन के लिए बधाई दी। पुकार सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को हार जीत की चिंता किए बिना खेलना चाहिए। खेल से भाईचारा का रिश्ता मजबूत होता है, सोच का दायरा बढ़ता है। उन्होने कहा कि खिलाड़ियों को खेल खेलने का एक अच्छा अवसर मिलता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने माता पिता एवं राष्ट्र को पहचान दिलाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जशपुर विधायक भगत ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का विकास होता है। खेल में हार-जीत लगी रहती है। इसलिए खिलाडियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। अगर किसी खिलाड़ी की हार होती है तो उसको अपनी कमजोरी सुधारकर और अधिक मेहनत करने का प्रयास करना चाहिए। खिलाड़ियों को इसे चुनौती मानकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता.पिताए समाजए राज्य और देश का नाम रोशन करना चाहिए।

भगत ने बताया कि वे खुद हॉकी के खिलाड़ी रहे है। इसलिए जशपुर में उच्च स्तरीय सर्व सुविधायुक्त एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान निर्माण उनका सपना रहा है। उन्होंने कहा कि जशपुर पुराने समय से ही खेल गढ़ रहा है। जिल से बहुत से खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर उच्च प्रदर्शन के जिले को गौरान्वित किया है। एस्ट्रोटर्फ मैदान के निर्माण होने से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपना खेल प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलेगा।

इस अवसर पर एसपी रविशंकर ने स्वागत भाषण देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल कूद के क्षेत्र में बच्चे अपने भविष्य बना सकते है। खेल के क्षेत्र में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इस क्षेत्र में बच्चे आगे आए और खेल के क्षेत्र में जिले के साथ ही राज्य का नाम रोशन करें।

सीईओ यादव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन मे पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद का भी काफी महत्व है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना से खेलते हुए अपने अच्छा प्रदर्शन के लिए मेहनत करना चाहिए।



# सलमान अली नए हार्ट ब्रेक सिंगल में दिखेंगी अमीका शैल

सिंगर से एक्ट्रेस बनी अमिका शैल इंडियन आइडल विनर सलमान अली के अगले सिंगल धोखा में नजर आने वाली हैं। विजय वर्मा द्वारा निर्देशित और संजीव शर्मा द्वारा कोरियोग्राफ किए गए इस वीडियो में अमिका के साथ टेलीविजन हार्टथ्रोब गौरव सरीन भी हैं।

इस एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए अमिका कहती हैं, यह गाना कई कारणों से मेरे लिए बेहद खास है। सलमान अली और गौरव सरीन जैसे कुछ अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली नाम इस ट्रैक से जुड़े हैं और मैं वास्तव में उनके काम की प्रशंसा करती हूं। गाने की शूटिंग उत्तराखंड में अद्वितीय स्थानों में हुई जिसका अनुभव शानदार रहा। यह गहरा, सार्थक और कुछ ऐसा है जिस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से गर्व है। मैं इस टीम के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक हूं। यह गीत आगामी त्योहारी सीजन के दौरान रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है और अभिनेत्री के अन्य दो गाने भी शूट हो चुके है और फिलहाल संपादन प्रक्रिया में हैं। मुझे उन लोगों से कई संदेश मिल रहे हैं जिन्होंने संपादन के दौरान गीत को देखा है। कथित तौर पर इसे देखकर सभी रो पड़े। यह गीत मेरे सभी प्रशंसकों और दर्शकों के लिए है, जिन्होंने वर्षों से अपना समर्थन और अंतहीन प्यार दिया है, अमिका ने इस पल के लिए साइन आउट करते हुए कहा।

# अनन्या पांडे ने ब्लू बॉडीकोन ड्रेस में फ्लॉन्ट की कर्वी फिगर

अनन्या पांडे और विजय देवरकोंडा इन दिनों लाइगर के प्रमोशन में बिजी हैं। अनन्या पर्सनल लेवल पर भी अपनी इस फिल्म को जोरो-शोरों से प्रमोट करने में जुट गई हैं। अपकमिंग फिल्म लाइगर के प्रमोशन में जुटी अनन्या पांडे इस फिल्म को प्रमोट करने के लिए अपने स्टाइल स्टेटमेंट का भी पूरा सहारा ले रही हैं।

बता दें अनन्या इस फिल्म के हर एक प्रमोशनल इवेंट के स्पेशल सोलो शूट्स की तस्वीरें शेयर करने का एक भी मौका नहीं गवा रहीं। चेन्नई से लेकर चंडीगढ़ तक देश के कई शहरों में फिल्म के प्रमोशन इवेंट्स ऑर्गनाइज किए गए हैं। अनन्या चेन्नई से लेकर चंडीगढ़ तक अपने सभी लाइगर प्रमोशनल इवेंट्स में अपने शूट्य की तसवीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर रही हैं। बता दें फिल्म के प्रमोशन के लिए अनन्या और विजय देवरकोंडा मल्टीसिटी प्रमोशन टूर पर हैं।

अपने लेटेस्ट पोस्ट में अनन्या ने खूबसूरत आउटफिट में तस्वीरें पोस्ट की हैं। नीलें रंग बॉडिकोन ड्रेस में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। अनन्या ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, 'प्रमोशन डे 6282762272। अनन्या ने इस ब्लू आउटफिट के साथ मैचिंग ब्लू हील्स को चुना। वेबी हेयरस्टाइल के साथ लाइट ग्लो मेकअप में अनन्या खूब फबीं। इससे पहले पोस्ट तस्वीरों में अनन्या ने अपने ट्रेडिशनल लुक को फैन्स के साथ शेयर किया था। अनन्या के ग्लैमरस अवतार पर कई लोगों ने कमेंट किया और उनके लुक की तारीफ भी की। एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा, लव दैट ड्रेस। बहुत प्यारी है।



# रणबीर-आलिया की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के गाना डांस का भूत का टीजर रिलीज

बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर और अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के गाना डांस का भूत का टीजर रिलीज हो गया है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनीं फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के गाना डांस का भूत का टीजर रिलीज हो गया है।



अयान मुखर्जी ने इसका टीजर वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है।'डांस का भूत' के टीजर में रणबीर काफी जोशिले अंदाज़ में झूमते नज़र आ रहे हैं। रणबीर कपूर दशहरा महोत्सव में एंट्री करते हैं और फिर वहां मौजूद सभी लोगों के साथ मिलकर धमाकेदार डांस शुरू कर देते हैं। रणबीर कपूर टीजर के अंत में रावण के पुतले के सामने बाहें फैलाते हुए नज़र आते हैं। इस गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है, म्यूजिक प्रीतम ने दिए हैं और आवाज अरिजीत सिंह की है। गौरतलब है कि स्टार स्टूडियोज, धर्मा प्रोडक्शंस, प्राइम फोकस और स्टारलाईट पिक्चर्स द्वारा निर्मित फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, मौनी रॉय और नागार्जुन अक्किनेनी की अहम भूमिका है। यह फिल्म 9 सितंबर, 2022 को पांच भारतीय भाषा हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी।

# मैं एक अभिनेत्री के रूप में बहुत स्वार्थी हूं और सबसे अलग दिखना चाहती हूं: काम्या पंजाबी

'बनू मैं तेरी दुल्हन' में सिंदूर की भूमिका से मशहूर हुई काम्या पंजाबी अब 'संजोग' में गौरी नाम की बंजारन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। किरदार में ढलने के लिए, अभिनेत्री का कहना है कि अन्य अभिनेत्रियों से अलग दिखने के लिए, काम्या ने आगामी शो के लिए राजस्थानी लुक लिया है।

काम्या कहती हैं, मैं अपने चरित्र की तरह दिखना चाहती थी। गौरी कैसे दिखेगी और अन्य अभिनेत्रियों से अलग दिखेगी। मूल रूप से मैं एक अभिनेत्री के रूप में बहुत स्वार्थी हूं और मैं जो भी भूमिका निभा रही हूं, उसमें मैं सबसे अलग दिखना चाहती हूं। उन्होंने शो की शूटिंग के दौरान



आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। मुझे पता है कि काम्या कैसी दिखती है, यह देखने में किसी को दिलचस्पी नहीं है, लेकिन हर कोई देखना चाहता है कि वह गौरी को अपने पिछले किरदारों से अलग कैसे दिखा सकती है।

काम्या ने इस बारे में बात की कि उनके लिए सबसे कठिन काम भाषा में महारत हासिल करना है।

मैं एक पंजाबी हूं इसलिए राजस्थानी उच्चारण आसानी से नहीं आता है। यह कभी-कभी इतना मुश्किल होता है कि जहां मुझे राजस्थानी में 'मन्ने' कहना पड़ता है, मैं इसे पंजाबी में 'मैनू' कहती हूं। तो, हां भाषा एक चुनौतीपूर्ण हिस्सा है लेकिन मैं काम कर रही हूं और मुझे यकीन है कि धीरे-धीरे मैं और अधिक पूर्णता लाने में सक्षम हो जाऊंगी।

काम्या, जिन्होंने कई टीवी शो, 'बिग बॉस 7' जैसे रियलिटी शो और 'कहो ना .. प्यार है', 'कोई .. मिल गया' जैसी फिल्में और अन्य फिल्में की है का कहना है कि वह काफी संतुष्ट हैं उनकी अब तक की यात्रा से।

उन्होंने कहा, ठीक है, जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मैं कहती हूं कि 'अच्छा किया', प्यारा और कोई पछतावा नहीं है। यह एक रोलरकोस्टर की सवारी थी और इसमें बहुत कुछ सीखने वाला था।

## खेल

# टीम इंडिया ने लगातार चौथी वनडे सीरीज जीती

### दूसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया, संजू सैमसन और शार्दूल रहे जीत के हीरो

टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में 5 विकेट से जीत हासिल की। इसी के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।



गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने जिम्बाब्वे को 38.1 ओवर में सिर्फ 161 रन के स्कोर पर ऑलआउट कर दिया था। शार्दूल ठाकुर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए थे। इसके बाद संजू सैमसन के (43) रन के दम पर भारत को जीत मिली। वहीं, धवन और शुभमन गिल दोनों के बल्ले से 33-33 रन निकले। जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट ल्यूक जॉन्गवे ने लिए। जिम्बाब्वे ने दीपक हुड्डा को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। उन्हें सिंकदर रजा ने बोल्ड किया।

ओपनर शुभमन गिल चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। गिल ने 34 गेंदों पर 33 रन बनाए। उनका विकेट ल्यूक जॉन्गवे ने लिया। ईशान किशन तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 13 गेंद पर 6 रन बनाए। उनका विकेट भी जॉन्गवे ने लिया।

धवन ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 21 गेंद में 33 रन बना दिए थे, लेकिन वो तनाका चिवंगा की शॉट गेंद को समझ नहीं पाए और इनोसेंट काइया को कैच दे बैठे। सीरीज में पहली बार बल्लेबाजी कर रहे कप्तान केएल राहुल का बल्ला नहीं चला। उन्होंने 5 गेंद का सामना किया और सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें विक्टर न्याउची ने LBW आउट किया। भारतीय गेंदबाजों के सामने जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों को पहले ही ओवर से रन बनाने में परेशानी हो रही है। भारतीय गेंदबाजों के सामने जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों को पहले ही ओवर से रन बनाने में परेशानी हो रही है। भारत के लिए पहला विकेट तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने लिया। उन्होंने ताकुडवनाशे काइटानो को 7 रन बनाने के बाद पवेलियन भेजा। संजू सैमसन ने काइटानो का शानदार कैच विकेट के पीछे लपका। जिम्बाब्वे को दूसरा और तीसरा झटका दीपक चाहर की जगह मैच में खेल रहे शार्दूल ठाकुर ने एक ही ओवर में दिया। उन्होंने पहले 16 रन बनाकर खेल रहे सलामी बल्लेबाज इनोसेंट काइया को आउट किया, फिर कप्तान रेजिस चकाब्वा को सिर्फ 2 रन पर ही शुभमन गिल के हाथों कैच करवा कर पवेलियन भेज दिया।

# सीनियर राष्ट्रीय जूडो में मणिपुर की खिलाड़ियों का जलवा



**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में संपन्न सीनियर राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में मणिपुर की महिलाओं ने सर्वाधिक स्वर्ण पदकों पर कब्जा किया वहीं पुरूष वर्ग में दिल्ली,राजस्थान और हरियाणा के खिलाड़ियों ने प्रभावित किया।

के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम पर शुक्रवार को प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन बालिका वर्ग में मणिपुर की देवी एच सुनीबाला ने 63 किग्रा, टी इनुंगनबी ने 70 किग्रा, इंदुबाला ने 78 किग्रा और पंजाब की कंवर प्रीत ने +78 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पुरूष वर्ग में राजस्थान के हेमंग जायसवाल ने 73 किग्रा,दिल्ली के दिवेश ने 90 किग्रा, एआईपी के स्वर्ण सिंह अवतार ने 100 किग्रा और + 100 किग्रा भार वर्ग मे स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले। समापन समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने संबोधन में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की हौसलाफजाई की। उन्होने कहा कि खेल में खेल भावना ही सबसे ज़रूरी होती है।

## एक नजर

# एशियन हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिये भारतीय टीम बहरीन रवाना



**नई दिल्ली** । बहरीन में 20 अगस्त से शुरू होने वाली नौंवी एशियन पुरुष यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय पुरुष यूथ हैंडबॉल टीम के कुछ सदस्य बहरीन के लिये रवाना हो चुके हैं जबकि अन्य खिलाड़ी शुक्रवार देर रात उड़ान भरेंगे। चैंपियनशिप के लिए भारत की 18 सदस्यीय टीम चयनित की गयी है।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष ए.जगनमोहन राव व महासचिव डा.तेजराज सिंह ने बताया कि बहरीन में नौवीं एशियन पुरुष यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 20 से 31 अगस्त 2022 तक किया जा रहा है।

# ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी की घातक गेंदबाजी से जीता न्यूजीलैंड

### मैच में 13 खिलाड़ी नहीं पार कर पाए दहाई का आंकड़ा

**नई दिल्ली** । ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में 50 रनों से हराते हुए सीरीज में जोरदार वापसी की। तीन मैच की यह सीरीज अब 1-1 की बराबरी पर है। वेस्टइंडीज ने पहला वनडे 5 विकेट से जीता था। बात दूसरे मुकाबले की करें तो न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए फिन एलन के 96 रनों के दम पर मेजबानों के सामने 213 रनों का लक्ष्य रखा।

इस स्कोर के सामने विंडीज की पूरी टीम 161 रनों पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के 6 बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाएं, वहीं तीन खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए। ट्रेट बोल्ट ने इस दौरान तीन तो टिम साउदी ने 4 विकेट लिए। सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला 21 अगस्त को खेला जाना है।

बारबाडोस में खेले गए दूसरे वनडे से न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन चोट के चलते बाहर हुए। उनकी गैरमौजूदगी में टॉम लैथम ने टीम की कमान संभाली। वेस्टइंडीज ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। कैरेबियन गेंदबाजों ने कप्तान निकोलस पूरन का यह निर्णय शुरुआती पलों में सही सबित किया क्योंकि पहले 10 ओवर में उन्होंने न्यूजीलैंड के 31 रन पर तीन विकेट गिरा दिए थे। इसके बाद फिन एलन और डेरेल मिशेल (41) के बीच चौथे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी हुई।

फिन एलन और डेरेल मिशेल के अलावा मिशेल सेंटनर (26) और ट्रेंट बोल्ट (16) ही दहाई का आंकड़ा पार करने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के भी 7 खिलाड़ी सिंगल डिजिट में आउट हुए।

### एशिया कप से पहले पाकिस्तान को बड़ा झटका

# शाहीन अफरीदी टूर्नामेंट से बाहर, वर्ल्ड कप में कोहली, रोहित और राहुल को किया था आउट

एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान की क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। स्टार लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर शाहीन शाह अफरीदी घुटने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। शाहीन इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज में भी नहीं खेल पाएंगे। एशिया कप में पाकिस्तान का पहला मुकाबला 28 अगस्त को भारत से होना है। इसके बाद 4 सितंबर को भी दोनों टीमों के बीच भिड़ंत होगी।

टी-20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली को आउट करने के बाद सेलिब्रेट करते शाहीन अफरीदी।

टी-20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली को आउट करने के बाद सेलिब्रेट करते शाहीन अफरीदी।



### वापसी में लगेंगे 4 से 6 सप्ताह

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने शनिवार को बयान जारी कर शाहीन के बाहर होने की खबर दी। बोर्ड ने कहा कि तेज गेंदबाज को वापसी करने में 4 से 6 सप्ताह का समय लगेगा। स्कैन रिपोर्ट आने के बाद PCB ने विशेषज्ञों से सलाह ली थी। इसके बाद यह तय हुआ कि वे लंबे समय तक नहीं खेल पाएंगे।

### भारत के टॉप ऑर्डर को राहत

शाहीन के बाहर से होने से भारतीय टीम के टॉप ऑर्डर को बड़ी राहत मिली है। टी-20 इंटरनेशनल में शाहीन करीब 70त्न मैचों के पहले ओवर में विकेट चटकाते हैं। उन्होंने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में भी पहले ही ओवर में रोहित शर्मा का विकेट लिया था।

### एशिया कप के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन की तस्वीर साफ

# 10 खिलाड़ी तय, ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक में किसी एक को ही मौका

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में भारतीय टीम ने एक बड़ा बदलाव किया। पहले मैच में 192 रनों की साझेदारी कर टीम इंडिया को जीत दिलाने वाले शिखर धवन और शुभमन गिल की जोड़ी तोड़ दी गई और शुभमन की जगह कप्तान केएल राहुल धवन के जोड़ीदार बनकर आए। इसी के साथ एशिया कप में भारत की प्लेइंग इलेवन की तस्वीर साफ हो गई। राहुल 27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में टीम इंडिया का हिस्सा हैं और अब ये तय हो गया है कि वही, रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग भी करेंगे। राहुल के सलामी बल्लेबाजी करने से टीम इंडिया के 24 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत



और 37 साल के अनुभवी दिनेश कार्तिक में से कोई एक ही प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होगा। ऐसा हम क्यों कह रहे हैं और पाकिस्तान के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन क्या हो सकती है आइए आपको बताते हैं... भारत एशिया कप में पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को खेलेगा। टीम इंडिया के टॉप-4 पहले से ही तय माने जा रहे हैं। अगर किसी खिलाड़ी को चोट लगती है, तभी इसमें कोई बदलाव होगा। सलामी बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल और रोहित शर्मा होंगे। वहीं, नंबर-3 पर विराट कोहली और नंबर- 4 पर सूर्यकुमार यादव का खेलना तय है।

हार्दिक पंड्या की धमाकेदार फॉर्म को देखते हुए उनको प्लेइंग इलेवन से बाहर करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। ऐसे में असली जंग पंत और दिनेश कार्तिक के बीच में है।

### महंगाई पर कांग्रेस का नुक्कड़ सभा हल्लाबोल

# बीजेपी जुमलेबाजों की पार्टी - मोहन मरकाम






**कोंडागांव** - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशानिर्देश पर कोंडागांव जिला/ब्लॉक/शहर कांग्रेस के नेतृत्व में मंहगाई के खिलाफ नुक्कड़ सभा हल्लाबोल कार्यक्रम कोंडागांव बाजार स्थल में रखा गया जहां पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रमिला मरकाम, जिला कांग्रेस प्रवक्ता शिल्पा देवांगन, मंडी बोर्ड के उपाध्यक्ष बिरस साहू,जिला कांग्रेस महामंत्री गीतेश गाँधी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दिवान ने अपने व्यक्तव्य में केंद्र सरकार कों जमकर कोसा और बताया की किस तरह झुठ बोलकर सत्ता हासिल करने में महारथ हासिल की है भाजपा चुनाव के पहले कहती कुछ और है चुनाव जीत जाने के बाद करती कुछ और है यूपीये सरकार के दौरान तत्कालीन विपक्ष में बैठी भाजपा कों मंहगाई दिखती थी उस दौर ने मंहगाई डायन हुआ करती थी पर आज मंहगाई डार्लिंग हो गयी है हल्लाबोल कार्यक्रम में मौजूद पीसीसी प्रमुख मोहन मरकाम ने कहा भाजपा जुमलेबाजों की पार्टी है आज की मंहगाई में घर चलाना मुश्किल हो गया है माननीय नरेंद्र मोदी जी को मंहगाई का पता नहीं चलता माननीया निर्मला सीतारमण जी कों पता नहीं चलता क्या पता उनका परिवार इस मंहगाई से खुश हो पर देश की जनता आज की इस बढ़ती मंहगाई को बर्दास्त नहीं कर सकती कांग्रेस की सरकार में रसोई गैस का दाम 410 रुपए था आज 1150,खाद्य तेल सरसों तेल हमारी सरकार में 70 रुपए थी आज 215 रुपए है पेट्रोल 57 डीजल 40 रुपए में मिला करता था आज 105 रुपए लीटर हो गए हैं मिट्टी तेल मिल नहीं रहा जनता को क्या मोदी जी इसी अच्छे दिन लाने की बात कह रहे थे चुनावी रैलियों अगर यहीं हैं अच्छे दिन तो हमें पुराने दिन लौटा दो मोदी जी देश की जनता आपके अच्छे दिन कों सहन नहीं कर पा रही है मंहगाई से जान जा रही है अगर आपसे देश नहीं सम्भल रहा तो आप स्तीफा दे दो मोदी जी देश चलाना आपके बस की बात नहीं ज़ब से केंद्र में भाजपा की सरकार बैठी है जीडीपी लगातार गिरती जा रही है क्या यहीं है आपकी उपलब्धि आप कहते हैं 70सालों में कांग्रेस ने क्या किया आप आज जिन चीजों कों बेच रहे हैं उन सभी चीजों कों बनाने वाली सरकार कांग्रेस की सरकार है इसके साथ ही केंद्र सरकार कों आड़े हांथों लेते हुए जमकर कोसा व बाजार परिसर में घूम घूम कर केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस के शासन काल व आज भाजपा के कार्यकाल में मंहगाई दर में तुलनात्मक पॉम्पलेट बाजार स्थल पे घूमकर सभी लोगों कों बांटा साथ ही मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आज महंगाई चौपाल के माध्यम से जनता ने किया प्रस्ताव पारित किया जिसमें जनता के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार से मांग किया गया है कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क की दर को घटाकर 2014 से पहले की तरह दरों,क्रमश: 9.20? और 3.20? प्रति लीटर पर लाया जाए ताकि पेट्रोल-डीजल सस्ते हो सके....

पीएनजी और सीएनजी की कीमतों को कम करने व रसोई गैस के घरेलू सिलेंडर रिफिल को ?500 में उपलब्ध कराने की मांग करते हैं....

केंद्र की मोदी सरकार के हिटलरशाही नीतियों के खिलाफ पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ती हुई महगांई के विरोध में कांग्रेसियों ने हाट बाज़ारो में पहुंच चर्चा कर हल्ला बोला....

हम कीटनाशकों, उर्वरको,कृषि उपकरणों और बीजों पर जीएसटी से पूर्ण छूट की मांग करते है....

एक तरफ देश की गरीब जनता महंगाई की मार झेल रही है दूसरी तरफ बेरोजगारी बढ़ रही है बहोत हुई महंगाई की मार, बस करो मोदी सरकार, कांग्रेस का आंदोलन प्रदर्शन निरन्तर अपने उफान पर... केंद्र की कार्पोरेट समर्थक भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को केवल उद्योगपतियों व उनके कंपनियों के फायदे की चिंता, आम आदमी के परेशानी से कोई लेना-देना नहीं....

## एक नजर

### बेरोजगारों से झूठी हमदर्दी न दिखाएं भाजपाई- हेमा देशमुख

कहा- बेरोजगारों के हितैषी हैं तो मोदी जी से युवाओं को रोजगार दिलाने की मांग करें



**राजनांदगांव** । प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने भाजपा द्वारा भूपेश सरकार पर बेरोजगारों से वादाखिलाफी का आरोप लगाकर धरना-प्रदर्शन किए जाने को नौटंकी करार देते हुए कहा है कि हाथ से सत्ता छीन जाने के बाद भाजपा नेता खुद ही बेरोजगार हो गए हैं। मुद्दाविहीन हो चुके भाजपाई आम जनता को बरगलाने और ध्यान भटकाने के लिए धरना-प्रदर्शन का ढोंग कर रहे हैं। भाजपाई यदि सही मायने में छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवकों के हितचिंतक हैं तो मोदी जी को उनका वादा दिलाने का साहस दिखाएं, जिसमें उन्होंने पीएम बनने के बाद सालाना दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह नकारा साबित हो चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को दरकिनार कर आऊट सोर्सिंग के माध्यम से दीगर राज्यों के युवाओं को नौकरी पर रखा गया, तब इन्हीं भाजपाइयों के मुंह पर ताले लटक रहे थे। कांग्रेस भी छत्तीसगढ़ में लगातार 15 सालों तक विपक्ष में रही, किंतु भाजपाइयों की तरह हमने कभी आम जनता को गुमराह करने का काम नहीं किया। कांग्रेस नेत्री श्रीमती देशमुख ने जारी बयान में कहा है कि भाजपा को भूपेश सरकार की जनहितैषी योजनाएं भी रास नहीं आ रही है और किसी न किसी बहाने से सरकार को बदनाम करने के लिए हथकंडे अपनाकर धरना-प्रदर्शन, रैली, सभा और घेराव का ढोंग कर रही है। 15 साल तक सत्ता की मलाई खाने वाले भाजपा नेताओं की हालत आज जल बिन मछली की तरह हो गई है। इसी छटपटाहट का नतीजा है कि भाजपा नेताओं द्वारा आज भूपेश सरकार पर बेरोजगारों से वादाखिलाफी का झूठा आरोप लगाकर जिला रोजगार कार्यालय का घेराव का ढोंग किया गया। उन्होंने भाजपा नेताओं से जानना चाहा कि जब रमन सिंह 15 सालों तक सत्ता में रहे, तब कितने युवाओं को रोजगार दिया गया? रमन राज में आखिर क्यों छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों को उनके हक से वंचित रखा गया? स्थानीय शिक्षित युवाओं को रोजगार क्यों नहीं दिया गया। रमन सरकार द्वारा बेरोजगारों और किसानों से जब वादा खिलाफी की गई, तब इन्हीं भाजपा नेताओं की आखिर बोलती क्यों बद थी? किसानों को दो साल का बोनस नहीं दिया गया, तब इनके मुंह क्यों बंद थे? महापौर हेमा देशमुख ने आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्र में भाजपा की सरकार है। मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देशवासियों से अच्छे दिन लाने, महंगाई कम करने, हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन इन मुद्दों पर भाजपा नेताओं की जुबान नहीं चलती, क्योंकि उन्हें अपने ही प्रधानमंत्री से डर लगता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़ में निवासरत सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखकर तमाम तरह की लोक कल्याणकारी योजनाओं को संचालन कर लोगों को लाभन्वित कर रही है, जिससे हर आदमी खुश है।

लेकिन भाजपा नेताओं को इससे तकलीफ हो रही है। भाजपाइयों के तीन ही सिद्धांत हैं- फूट डालो राज करो, झूठ बोलो राज करो और सही का विरोध और गलत का समर्थन करो। कांग्रेस नेत्री हेमा देशमुख ने कहा कि भाजपाई यदि सही मायने में बेरोजगार युवकों के हितचिंतक हैं तो मोदी जी को उनका वादा दिलाने का साहस दिखाएं, जिसमें उन्होंने पीएम बनने के बाद सालाना दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था।

## राजीव जी का बलिदान याद रखेगा हिन्दुस्तान- झुमुकलाल दीवान



**कोंडागांव।** जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी की 78 वी जयंती पे कांग्रेस भवन कोंडागांव में उनके चाय चित्र पे पुष्पहार चढ़ाकर दीप प्रज्वलित कर व उनका स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पे जिलाध्यक्ष झुमुकलाल दीवान ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजीव गांधी जी का पूरा जीवन देश के लिये आदर्श है वे भारत देश मे सूचना और संचार क्रांति के जनक थे उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में महान योगदान दिया है स्व. राजीव गांधी ने देश की एकता अखंडता के लिये अपने प्राणों की आहूति दी पूरा देश आज उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दे रहा है प्रधानमंत्री के रूप में देश सेवा करने के लिए उन्हें एक कार्यकाल मिला, जिसे अनेकों ऐतिहासिक और दूरगामी उपलब्धियों के लिए याद किया जाएगा उन्होंने सूचना क्रांति की बुनियाद रखी, जिसने भारत को पूरी तरह से बदल दिया।

उन्होंने देश को कंप्यूटर, दूरसंचार और सॉफ्टवेयर विकास के युग में प्रवेश कराया। उन्होंने सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए टेक्नोलॉजी मिशन की शुरुआत की, जिससे अनेक फायदे हुए, उदाहरण के लिए भारत वैक्सीन उत्पादन में दुनिया का अग्रणी देश बना और हम पोलियो से मुक्त हुए उन्होंने पंचायतों और नगर पालिकाओं को महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के साथ संवैधानिक दर्जा दिलाने का व्यक्तिगत रूप से नेतृत्व किया, जो स्वशासन के प्रभावी संस्थाओं के रूप में उभरे इन संस्थाओं के लिए चुनी गई 14 लाख महिलाएं उनके दृढ़ संकल्प का सम्मान है उन्होंने 18 साल के युवाओं को मतदान का अधिकार दिलवाया युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए देश के हर जिले में नवोदय विद्यालयों का नेटवर्क तैयार किया।

## सतनामी समाज के द्वारा मनाया गया वीर बलिदानी शूरवीर राजा गुरु बालकदास जी की जयंती



**कोंडागांव**-प्रतिवर्ष की भांति वीर बलिदानी शूरवीर राजा गुरु बालक दास गुरु जी का जयंती जिले के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिसमें मुख्य रूप से कोंडागांव,केशकाल, कुसमा, लंजोड़ा,गारका आदि ग्राम शामिल है। परमपूज्य गुरु घासीदास जी के द्वितीय पुत्र गुरु बालक दास जी थे।गुरु बालक दास जी समाजिक कुरीतियों को दूर कर समाज को सही दिशा देने में लगे थे।जिसके लिए राजमहन्त, महन्त, दीवान,भंडारी,साटिदार आदि समाजिक पद बनाकर एक सामाजिक व्यवस्था बनाए।गुरु जी रामत के रूप में गाड़ी, घोड़ा, हाथी के साथ अपने महंतो दीवान को लेकर निकलते थे।समाज सुधार के साथ सामाजिक न्याय भी करते थे।इस अवसर पर समाज के समाज प्रमुखों द्वारा सभी जगहों पर गुरु बालकदास जी के जीवनी पर सन्देश पठन और मंगल पंथी भजन कर जैत खाम में पालो (स्वेत झंडा) चढ़ाया गया।इस अवसर पर सतनामी समाज के सम्भागीय अध्यक्ष धँसराज टण्डन,जिलाध्यक्ष सानू मार्कण्डेय, जिला संरक्षक आर .के.बंजारे,लखमू टण्डन, उदयलाल मार्कण्डेय,आशाराम मार्कण्डेय, मन्नूलाल चतुर्वेदी,मनोज कुर्रे जिला सचिव एवं संभागीय सलाहकार एल.एन. सोनवानी,जिला सयोंजक एवं संभागीय सलाहकार जयकिशन मार्कण्डेय ग्राम कुसमा से भुवनलाल मार्कण्डेय,जगीन डाहरे ,सुरेश बेर संभागीय सलाहकार लंजोड़ा योगेंद्र चतुर्वेदी , धर्मेंद्र चतुर्वेदी, चन्द्रेश चतुर्वेदी गोलू कोशले, वरिष्ठ कार्यकर्ता गजेंद्र कुर्रे, लखेश बेर आशीष कुर्रे प्रफुल्ल बांधे ,बादल बांधे महिला कार्यकर्ता से पंचवती मार्कण्डेय,अनिता बंजारे, सुनीता बंजारे, जिसमें महिलाएं बच्चे एवं समस्त कार्यकर्ता समाज उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल किये।

## जनसुनवाई रद्द होने के पीछे विधायकों की पहल नहीं, बल्कि जनता का डर - सांसद गोमती साय

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।



जशपुर जिले के विकासखंड बगीचा के पकरीटोली में बॉक्साइट उत्खनन के लिए 22 सितंबर को होने वाली जन सुनवाई को प्रदेश सरकार ने स्थगित कर दिया है। जिस पर सांसद गोमती साय ने कहा कि जनसुनवाई रद्द होने के पीछे विधायकों की पहल नहीं, बल्कि जनता का डर है। जनता का विरोध और जबरदस्त जनाक्रोश देखते हुए सरकार डर गई और सरकार को पीछे हटना पड़ा। साय आगे कहा कि मुख्यमंत्री, सरकार और विधायकों को जनभावना की फिक्र होती तो जनसुनवाई की तारीख ही तय नहीं की जाती। बॉक्साइड माइंस कम्पनी को जिले के विधायक स्थापित करने के फिराक में थे लेकिन जब जिले की जनता और भाजपा ने इस मुद्दे को जोर शोर से उठाया तो सरकार डर गई और आनन फानन में जनसुनवाई स्थगित कर दी गयी।

## 20 अगस्त को एम्बेड ने मनाया 09 गांवों में विश्व मच्छर दिवस



**कोण्डागांव।** आज विश्व मच्छर दिवस के उपलक्ष्य में फैमिली हेल्थ इंडिया व स्वास्थ्य विभाग द्वारा मितानिन दीदी व अन्य विभागों के साथ मिलकर एम्बेड परियोजना के 09 गांवों (पदेली, मर्दापाल, करनपुर, डिगानार, पलना, लजोड़ा, बांगोली, कोंदाबेडा, कोरकोटि) में विश्व मच्छर दिवस मनाया गया। जिसके तहत स्कूल के बच्चों द्वारा रैलियों का आयोजन किया गया , साथ ही डेंगु व मलेरिया से बचने के लिए शपथ ग्रहण कराया गया, नारे लेखन, घर घर जाकर लार्वा सर्वे, समुदाय के गड्ढों का भराव, जरूरत मंद लोंगो को मच्छरदानी का वितरण व चौपाल के माध्यम से लोगो को डेंगु मलेरिया से बचने के लिए सलाह दिया गया। इसके अलावा इन गांवों में रैपिड टेस्ट व पिछले माह के मलेरिया मरीजों का पोस्ट स्लाइड भी बनाया गया ।

### विश्व मच्छर दिवस क्यों मनाया जाता है-

1987 में ब्रिटिश डॉ रोनाल्ड रोस ने मच्छर का रीसर्च किया था, इसी साल हाइजीन और ट्रॉपिकल मेडिसिन ने 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मानाने की धोषणा की। दुनिया की 40 फ़ीसदी आबदी ऐसे जगह पर रहती है जंहा मच्छरों का खतरा अधिक है, जिसके करण हर साल एक मिलियन से अधिक लोगों की मौत मच्छरों के काटने से होती है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मच्छरों से होने वाली बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। बता दें कि एंबेड परियोजना द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कोंडागांव, फरसगाँव एवं केशकाल ब्लॉक के 100 गाँवों में आईईसी/बसीसी गतिविधियों आयोजित की जा रही है जिसका उदेश्य लोगो को मलेरिया एवं डेंगू जैसे बीमारी के बारे में जागरुक करना है।



## थाना रतनपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गॉजा के व्यापारी पर की गई कार्यवाही

अलग - अलग तीन प्रकरणों में चार आरोपियों को किया गिरफ्तार।

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



जिला बिलासपुर में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु नशीले पदार्थो के तस्करों पर कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर द्वारा निर्देश दिए गए थे जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित कुमार झा एवम पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोटा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में रतनपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में हो रहे अवैध मादक पदार्थ गॉंजा के कारोबारियों की सूचना प्राप्त कर अलग अलग जगहों में रेड कार्यवाही किया। तथा 3 अलग अलग स्थानों पर 4 आरोपियों कमलेश कुमार डोंगरे निवासी रानीगॉंव, कन्हैया कश्यप निवासी खंडोबापारा रतनपुर से 1.800 कि.ग्राम को ग्राम रानीगांव से, प्रमिला टण्डन को भैरवबाबा मंदिर के पास रतनपुर से 1.200 कि.ग्राम के साथ, किरण साहू को बाईपास रोड रतनपुर से 1.400 कि.ग्राम के साथ चारो आरोपी से जप्त कुल गांजा वजनी 4 किलो 400 ग्राम मादक पदार्थ गॉंजा कीमती 40000 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट का अपराध घटित करने पाये जाने से मौके पर से आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## नक्सलियों ने राजनैतिक बंदियों को रिहा करने की मांग की

**सुकमा** । नक्सलियों की मध्य रीजनल ब्यूरो के प्रवक्ता प्रताप ने प्रेस नोट जारी कर राजनैतिक बंदियों की रिहाई की मांग की करते हुए कहा गया है कि 18 मार्च को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनैतिक बंदी दिवस मनाया जाता है, जिसे बरकरार रखते हुए राजनैतिक बंदियों की निशर्त रिहा किया जावे। नक्सली प्रवक्ता ने जारी प्रेस नोट में भारत के क्रांतिकारी आंदोलन में अपने लक्ष्य को हासिल करने संघर्ष में जेल में शहीद हुए सभी क्रांतिकारी वीर योद्धाओं को देश में चल रहे फासीवादी शासन में नागरिक स्वतंत्रता का हनन होने का आरोप लगाया है। संविधान में हमारे लिए कुछ मुलभूत अधिकारों का आश्वासन दिया गया है, लेकिन धीरे-धीरे वह सब कमजोर होने का आरोप लगाते हुए नागरिकों को अभिव्यक्ति की न्यूनतम आजादी या विरोध करने के हक को छिने जाने का आरोप लगाया गया है।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोण्डागाँव ने सद्भावना दिवस पर निकाली रैली चलाया स्वच्छता अभियान





**कोण्डागांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में भारत स्काउट एवं गाइड से संबंधित सभी शालाओं में 20 अगस्त 2022 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के जन्म दिवस सद्भावना दिवस के अवसर पर मलेरिया उन्मूलन रैली एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के पदेन संरक्षक एवं जिला कलेक्टर दीपक सोनी, जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल, एवं जिला सचिव चमन लाल सोरी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभ देव साहू , जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती संजना हरमीट ,जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्का.) श्याम लाल कोर्राम, के निर्देशानुसार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोण्डागांव ने सद्भावना दिवस के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से संबद्ध सभी संस्थाओं में सद्भावना रैली के तहत मलेरिया उन्मूलन रैली निकालकर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके तहत संबंधित स्कूलों के आसपास के मंदिरों , पंचायत भवन एवं हैंड पंप के पास सफाई कर लोगों को अपने घरों के आसपास साफ सुथरा रखने हेतु प्रेरित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रशिक्षण सलाहकार ऋषिदेव सिंह, रोवर लीडर दशरथ लाल ध्रुव, रेंजर लीडर देशवती कश्यप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहिकोंगा , जिला सचिव चमन लाल सोरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालगांव , जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्यामलाल कोर्राम, रोवर लीडर लखन मण्डावी, रेंजर लीडर श्रीमती लुकेश्वरी साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगनपुर, श्रीमती संजना हरमीट जिला संगठन आयुक्त गाइड शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लंजोड़ा, विकासखंड सचिव केशकाल राजकुमार टेकाम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अड़ेगा, डीटीसी श्यामलाल कोर्राम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशकाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती नीलम श्रीवास्तव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरोला, , रेंजर लीडर श्रीमती अनीता साहू शासकीय उच्चतर विद्यालय बड़ेराजपुर , विकासखण्ड सचिव फरसगांव कोमल राम साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंडारसिवनी, रोवर लीडर मनीराम साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांसकोट, फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव कब - बुलबुल दल शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा कोण्डागांव तथा कब मास्टर पवन कुमार साहू कब-बुलबुल दल शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी अपने - अपने विद्यालयीन छात्र- छात्राओं के साथ रैली निकालकर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को समाजहित एवं राष्ट्रहित में सतत कार्य करने हेतु शपथ दिलाया गया।

# कृष्ण कुंज शुभारंभ के मुख्य अतिथि बीजापुर विधायक बोले मुख्यमंत्री संवेदनशील श्रम विभाग गबन संलिप्तों पर कलेक्टर से हुई चर्चा, होगी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़- बीजापुर।




छग प्रदेश में छग के मुख्यमंत्री की प्रमुख योजना कृष्ण कुंज की शुभारंभ बीजापुर वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि बीजापुर के क्षेत्रीय विधायक एंव बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी ने बीजापुर में हुए भ्रष्टाचार श्रम विभाग के मामले में जिम्मेदारों को लेकर पहली बार उनका बयान मीडिया के सामने आया। जिसमें कहा गया कि छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संवेदनशील है और जो भी हो जांच में अगर नाम पाया जाता उसे छोड़ा नहीं जाएगा। उन भ्रष्टाचारियों पर होगी कार्रवाई आगे उन्होंने कहा कि इस संबंध में मैंने जिला कलेक्टर राजेंद्र कटारा से चर्चा की बहुत जल्द पूरी रिपोर्ट सामने आने पर होगी कार्रवाई। या पूरा मामला। जिले में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े छात्रों को मिलने वाली नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना राशि गबन व विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्यु पर अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता योजना की राशि मृतक परिवारों को मुख्यमंत्री सहयोग राशि गबन से जुड़ा है। वही वर्ष 2019-20 श्रम विभाग में 13 लाख 32 हजार रूपयों के गबन के मामले को लेकर भी पिछले दिनों से विभाग अखबार की सुर्खियां बटोर रहा है। पूरा मामला संज्ञान में आने पर जिला मजिस्ट्रेट दंडाधिकारी जांच टीम बनाई गई थी जिसकी रिपोर्ट भी जिला प्रशासन के पास आ चुका है जिसमें दर्ज बयानों के आधार पर कई चौंकाने वाले खुलासे पर या रिपोर्ट सरकार के पास गई या नहीं इसकी खुलासा हम नहीं करते पर मामला पूरे प्रदेश में गरमाया हुआ है इस पर किसी भी तरह एक्शन नहीं हुआ जो हुआ वह भी ठंडे बस्ते में जिसे लेकर राजनीति के गलियारों में चौराहों पर हो रही है चर्चा जिला प्रशासन व सत्ताहीनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पिछले दिनों इस विभाग से जुड़ा एक कर्मचारी श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार व अन्य कर्मचारी जो उनके अधीनस्थ उनके प्रभारी दौरान इस पूरी गबन मामले को अंजाम दिया गया या हम नहीं इसी कार्यालय से जुड़ा लेखापाल ने की थी खुलासा लेखापाल पर भी आरोप है कि वे अपने परिवार के खाते में सरकारी राशि डाला जमा राशि व अन्य लोगों से लिया राशि श्रम निरीक्षक के खाते में ट्रांसफर करने का गंभीर आरोप लगा वही खाता स्टेटमेंट से उनके बैंक पैसा ट्रांसफर करने की रिकार्ड दिया गया। जांच में जो तथ्य सामने आये जिसमें प्रभारी अधिकारी रहने के दौरान बैंक को प्रेषित लेटर में इनका साइन तो चेक पदाधिकारी ने किया जारी उनकी सिग्नेचर जिसे श्रम निरीक्षक फ र्जी बताया वह सिग्नेचर मिलने की हुई खुलासा एक तरफ प्रशासन को गुमराह करने का काम लगातार या कर्मचारी कर रहा है तो वही सूत्र नाम न बताने की शर्त पर बताया कि प्लेसमेंट कर्मचारियों को हमेशा डराते धमकाते रहते है वे डर की साये में रहते हैं कई नौकरी से निकाल ना दे इसका फायदा या कर्मचारी लेता है। वही बात करें पूरे जांच को प्रभावित करने में मुख्य भूमिका श्रम निरीक्षक निभा रहे हैं आरोप लगने के बाद भी पद में बैठे रहना जांच अधिकारी को प्रभावित करने की मुख्य भूमिका में सहयोग मिल रहा है। बीजापुर में पहला विभाग है जहां जिनके खिलाफ जांच चल रहा हो वह पद में अब भी बना है। पिछले दिनों कुछ अन्य मामलों में भी चर्चा में रहे जिसमें मुख्यता खेल विभाग स्पोर्टस अकादमी बीजापुर में प्रशिक्षको की भर्ती को लेकर हुए गड़बड़ी और सहायक प्रशिक्षको को अकादमी से चार साल बाद काम से निकाले जाने सहायक प्रशिक्षको ने श्रम निरीक्षक और अकादमी में मेहमान प्रशिक्षक सोपान कर्णेवार पर लगाए गए थे गंभीर आरोप।

# झमाझम बारिश के बीच में लाखझार में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



झमाझम बारिश के बीच में शुरू हुवा एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता पत्थलगांव के लाखझार कालेज ग्राउंड में।जिसमें 24 टीम ने भाग लेकर मैदान में उतर खेल भवाना से फुटबाल खेलने तथा अपने खेल प्रतीभा को मांजने सभी टीम उतरे लगातार बारिश में भी चलता रहा दिन भर फुटबाल प्रतियोगिता और खिलाड़ी पानी के फुहारों के बीच आनंद लेते हुए भाईचारे की भावना से फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत हार के बाजी का मजा लेते रहे।जिसमें कुमनसिया एवं ब्रिमडेगा आमने सामने फाइनल मैदान में उतरा जिसमें दोनों ही टीम ने अपनी शानदार खेल प्रदर्शन से एक एक गोल मारकर खेल में बराबर दावेदारी के साथ रोमांच मैच चलता रहा अंत में आखरी बाजी राउंड में प्लांटी के साथ विजेता के चयन हुवे जिसमें कुमनसिया ने एक गोल मारकर प्रथम पुरस्कार हासिल कर विजेता बनी।इस फुटबाल प्रतियोगिता के अयोजन में मुख्य भूमिका अनूप कौशिक, महेंद्र इक्का, बीरबल, राजेंद्र, जोगेंद्र , संदीप किंडो आदि के योगदान रहे जिसके उद्देश्य खेल भावना को आगे करना है।

# संघ ने लिया फैसला नशे की हालत वाहन चलाने पर होगी पांच सौ का जुर्बाना

## देवभोग में वाहन चालक संघ का हुआ गठन पहली बैठक में लिया अहम फैसला

जोहार छत्तीसगढ़- देवभोग।





लम्बे समय से वाहन चालक संघ का गठन नही हो सका था इसबार सभी 400 वाहन चालको ने रविवार को छुट्टी लेकर एक बैठक आयोजित कराकर संघ का गठन कर कुछ कडे नियम भी बनाये है। अब शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको पर संघ अपने सदस्य को जुर्बाना करेगी। दिनभर आयोजित बैठक मे वाहन चालको ने गरियाबंद छुरा मैनपुर और ओडिशा नुआपडा के संघ के पदाधिकारी भी बतौर अतिथि भाग लिये जिसमे नुआपड़ा के धनीराम मांझी गरियाबंद जिला अध्यक्ष मुकेश ध्रुव ने बैठक को संबोधित किया। वही स्थानीय चालको मे ब्लाक अध्यक्ष छतर यादव,दीलीप यदु,दुर्गा यदु अरूण दौरा,नरेश सिन्हा सहित चार से अधिक चालको ने कई नियमो के लिये संकल्प लिया।

बिना वर्दी के स्टेरिंग पर नहीं बैठेंगे

वाहन चालको ने अब देवभोग संघ में भी ड्रेस कोड लागू कर दिया है। जिसमें शर्ट के जगह यूनियन द्वारा निर्धारित खाकी शर्ट अनिवार्य होगा। वाहन चलाते समय वर्दी नहीं पहनने वाले चालको पर भी अर्थ दण्ड का प्रावधान रखा गया है और दण्ड से वसूल जमा राशि को संघ अपने यूनियन के विकास पर लगायेगा। शराब पीकर वाहन चलाना पड़ेगा महंगा ..शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालको पर अब संघ भी नकेल कसेगा ऐसी कोई शिकायत मिलती है तो संघ उसपर पांच सौ रूपये का अर्थ दण्ड लगायेगा अगर चालक इसकी पुनरावृति करता है तो तीन बार के बाद संघ से भी निकाल देगा। बैठक में जब ये नियम को पढ़ा जा रहा था तब उपस्थित सदस्यों ने ताली बजाकर इसका पूरजोर समर्थन भी किया है।

# खड़खड़िया खेलते 6 लोग धराए

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।



सांकरा पुलिस ने रविवार को धरमपुर में रुपए का दांव लगाकर खड़खड़िया खेलते 6 लोगों को पकड़ा है. जानकारी के अनुसार जिले के सांकरा थाना क्षेत्र एवं बलौदाबाजार जिले की बया चौकी क्षेत्र में खड़खड़िया खिलाने वाले गिरोह सक्रिय हैं. बताया जाता है कि ये गिरोह गांवों में खुद के खर्च से ही मड़ई और मेला आयोजित करते हैं. बाद जिन कंधों पर इस अवैध कार्य रोकने की जिम्मेदारी होती है उन्हें ही मैनेज कर मड़ई की रातभर खड़खड़िया के नाम पर पूरे गांव और आस-पास के जुआरियों को जीत का लालच देकर रातभर में लाखों रुपए कमा लिए जाते हैं. इस अवैध काम की शिकायत के बाद भी स्थानीय पुलिस स्वयं कभी कोई कार्रवाई नहीं करती. स्थानीय पुलिस हमेशा उच्च अफसरों के निर्देश पर ही कार्रवाई करती है. सांकरा क्षेत्र में भी लगातार उक्त जुआ खिलाकर भोले-भाले ग्रामीणों को लूटा जा रहा था. इसकी शिकायत पत्रकार लोचन चौहान द्वारा लगातार सांकरा पुलिस तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाने का प्रयास किया जाता रहा. बाद भी स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई नही किए जाने से सोशल मीडिया के जिला स्तर पर उक्त शिकायत की थी. जिस पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल संज्ञान में लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे. लिहाजा खड़खड़िया पर कार्रवाई हेतु साइबर सेल की टीम भेजी गई. पुलिस ने लोकनाथ साहू धरमपुर, भूषण साहू भोकलूडीह, अगस्ती मेहेर धरमपुर, प्रकाश बढ़ई धरमपुर, इन्द्रो बाघ कोदोगुड़ा, कैलाश यादव धरमपुर को मौके से गिरफ्तार किया. उनके कब्जे से नकदी 8840 रुपए, 02 मोबाइल कीमती 3000 रुपए, जुआ पट्टी, टोकनी, 06 गोटी जुमला कीमती 11840 रुपए जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई.

## एक नजर

# रतनपुर पुलिस ने 6 जुआरियों को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

21 अगस्त को मुखबीर के सूचना मिली की उसराभाठा नेवसा के शासकीय गौठान के पास कुछ लोग रूपयों पैसों का दॉंव लगाकर जुआ खेल रहें हैं। कि सूचना पर रतनपुर पुलिस द्वारा मुखबीर के बताये स्थान शासकीय गौठान उसराभाठा नेवसा में रेड कार्यवाही किया गया मौके पर जुआड़ियान 01.रफीक मोहम्मद से 1300 रूपये, 02. सुरेश कुमार नेताम से 1800 रूपये, 03. दुरवाशा वर्मा से 2700 रूपये, 04. देवकुमार प्रधान से 900 रूपये, 05. रविन्द्र कुमार कश्यप से 1100 रूपये, 06. मनबोध साहू से 5300 रूपये कुल नगदी रकम 13100 रूपये , 01 नग तिरपाल व 52 पत्ती ताश को समक्ष गवाह के जप्त कर, आरोपियों को जप्त मशरूका के थाना लाकर जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई।गिरफ्तार आरोपी1.रफीक मोहम्मद पिता स्व. इसहाक मोहम्मद उम्र 35 वर्ष निवासी मचखण्डा थाना सीपत2.सुरेश कुमार नेताम पिता छोटेलाल नेताम उम्र 40 वर्ष निवासी जाली थाना रतनपुर 3.दुरवाशा वर्मा पिता स्व. त्रिवेक वर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी टेकर थाना सीपत 4.देव कुमार प्रधान पिता स्व. मालिक राम उम्र 36 वर्ष निवासी कसियरापारा लिम्हा थाना रतनपुर 5.रविन्द्र कुमार कश्यप पिता रोहित कश्यप उम्र 22 वर्ष निवासी नेवसा थाना रतनपुर 6. मनबोध साहू पिता पंचराम साहू उम्र 36 वर्ष निवासी मचखण्डा थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)।

# महामाया मंदिर ट्रस्ट रतनपुर के आशीष सिंह ठाकुर पुन- अध्यक्ष बने, अरुण शर्मा को मैनेजिंग ट्रस्टी बनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




रतनपुर महामाया मंदिर ट्रस्ट में अध्यक्ष आशीष ठाकुर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाए गए वही अरुण शर्मा को मैनेजिंग ट्रस्टी बनाया गया। महामाया मंदिर ट्रस्ट के नए अध्यक्ष का चुनाव रविवार को हुआ। इसमें ट्रस्ट के 21 सदस्यों में से 20 सदस्य उपस्थित रहे।

मंदिर कार्यालय में नए अध्यक्ष के नाम पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से आजीवन अध्यक्ष रहे स्व. बलराम सिंह के पुत्र आशीष सिंह का चयन दूसरी बार सर्वसम्मति से किया गया, मंदिर का ट्रस्ट पांच मार्च 1982 को बना था और तब से बलराम सिंह इसके अध्यक्ष थे, उनके निधन के बाद उनके पुत्र आशीष को अध्यक्ष बनाया गया..वही मैनेजिंग ट्रस्टी अरुण शर्मा, उपाध्यक्ष मोतीचंद जायसवाल, संतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष रितेश जुनेजा, सहसचिव मनोहर चंदेल बने.. इस अवसर पर सुनील सोंथलिया, बृजमोहन अग्रवाल, बजरंग लोहिया, चेतनधर दीवान, मनराखन जायसवाल, संतोष शुक्ला, शक्ति सिंह, विनोद गोरख, राजकुमार खुशलानी, अनिल खंडेलवाल, धर्मेन्द्र चंदेल, शैलेन्द्र जायसवाल उपस्थित रहे।

# विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर पेंशनरों ने की बैठक

**रायपुर** । विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव की अध्यक्षता में बुजुर्ग पेंशनरों की बैठक गौरव पथ रायपुर स्थित कर्मचारी संघ के कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के पेंशनरों के लिये 5 प्रतिशत महंगाई राहत देने के आदेश पर नाराजगी जताते हुए असंतोष व्यक्त किया और केन्द्र के समान पूरा 34 प्रतिशतमहंगाई राहत एरियर सहित देने सम्बन्धी आदेश प्रसारित करने की मांग की। इस बैठक में विभिन्न पेंशनर्स संगठनों से जय प्रकाश मिश्रा, पी के नामदेव,लोचन पांडे, अनिल गोल्हानी,अनिल पाठक, आलोक पाण्डे, बी एल यादव,सी एल चंद्रवंशी, आर जी बोहरे,एस के चिलमवार,नागेन्द्र सिंह, पी आर काटोलकर,एच एल नामदेव,यशवन्त भोंसले, व्ही के चिवहाणे, आर के नारद,दयानन्द मुदलियार, सब्दर अली,सी पी देवांगन, के के चन्द्राकर,आर के पांडे,आर के साहू, बेलासदास मानिकपुरी, के एन दुबे,भीमराव जाम्हले,आर के रजक,अशोककुमार सिंह,जेड एम सिद्दीकी, के के पिल्ले,नरसिंह राम,आर के गुप्ता, एच एस चन्द्राकर, एम एन पाठक तथा पी एस पटेल आदि उपस्थित थे। बैठक में वीरेन्द्र नामदेव ने उपस्थित शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों को सम्बोधित करते हुये बताया कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) के तहत जब तक दोनों राज्य सरकारें सहमत नहीं हो तब तक दोनों राज्य अपने राज्य के पेंशनर्स को महंगाई राहत किस्तें नहीं दे सकते इसी अधिनियम के बहाने सहमति- असहमति का खेल खेलकर दोनों राज्यों में पेंशनर्स को परेशान किया जा रहा है।जबकि केन्द्र सरकार ने नवंबर 17 में एक अन्य आदेश द्वारा सहमति की प्रक्रिया को समाप्त कर दिया है, परन्तु दोनों राज्य शासन ने इसे नजरअंदाज कर सहमति की प्रक्रिया को अपनाए हुए हैं।

# राजा गुरु बालकदास जी की मनाई गई जयंती

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।





परमपूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के द्वितीय पुत्र बलिदानी राजा गुरु बालकदास जी का जयंती महासमुंद विधानसभा क्षेत्र झलप से 5 कि.मी. दुर गुरेला भाटा डोंगरी पहाड़ी में मनाया गया। विशेष अतिथि के रूप में किसान नेता अशवन्त तुषार साहू जी शामिल हुए। मंच पर पहुंचकर पूजा अर्चना , श्रीफल भेंट,माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख समृद्धि का कामना किया। किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने अपने उत्बोधन में कहा कि गुरु बालकदास जी का जन्म 18-अगस्त सन 1805 ई. को दक्षिण एशिया मे भारत के मध्यप्रांत के छत्तीसगढ मे स्थित सोनाखान रियासत के गिरौद गांव मे महान क्रांतिकारी समाज सुधारक युग पुरुष और मानवाधिकार के लिए महान सतनामी आंदोलन के प्रणेता व सतनाम धर्म के संस्थापक गुरु घासीदास जी और सफूरा माता के पुत्र के रूप मे हुआ.अपनी कम उम्र मे ही इन्होने सन 1820 ई. से चले महान सतनामी आंदोलन मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए और नेत्रृत्वकारी भूमिका निभाई. इनका सोनाखान के राजा रामराय के पुत्र वीर नारायण सिंह और आदिवासियों से मित्रतापुर्ण संबंध था.

गुरु घासीदास जी के बाद सन 1850 ई. मे ये सतनामियों के प्रमुख मार्गदर्शक गुरु बने. इन्होने गुरु घासीदास द्वारा शुरु किए गए आंदोलन को पुरी गति से आगे बढ़ाया. गुरु घासीदास जी के समय विभिन्न कथित जाति समूह के लोगों ने अपने पूर्व जातिय पहचान को छोड़कर इस आंदोलन मे सामिल होकर समतावादी समाज की स्थापना की थी. जिनकी जनसंख्या लाखों मे थी, जो मैदानी क्षेत्र की कुल जनसंख्या की आधी थी और लगातार बढ़ रही थी. और उसके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किया गए मानव समाज के भलाई की शौर्यवीरता को याद करते हुए नमन किया। जिसमे मुख्य रूप से सरपंच शत्रोहन ,बबलू कुर्रे, नारायण पटेल, राजा कोशल, धनंजय साहू, बृजमोहन पटेल,बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# रतनपुर पुलिस द्वारा नशे के अवैध व्यापारी पर की गई कार्यवाही

## 10लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार।

जोहार छत्तीसगढ़- रतनपुर।




थाना रतनपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध नशे के कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही करते हुये थाना रतनपुर में दिनॉंक 20 अगस्त 2022 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि सोनारपारा रतनपुर में एक व्यक्ति अपने घर में कच्ची महुआ शराब अवैध रूप से रखकर बिक्री कर रहा है। कि सूचना पर थाना रतनपुर पुलिस के द्वारा टीम गठित कर मौके पर तस्दीक कार्यवाही हेतू रवाना हुआ। सोनारपारा रतनपुर में मुखबीर के बताये स्थान पर एक व्यक्ति अपने घर में शराब बिक्री कर रहा था। जहॉं दबिश देकर 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1000 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। जिसे पुछताछ करने पर अपना नाम रविकांत धीवर पिता परदेशी लाल धीवर उम्र 28 वर्ष निवासी सोनारपारा रतनपुर का होना बताया। तथा शराब रखने संबंधी किसी भी प्रकार का कागजात नहीं होना बताया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम का अपराध घटित करने पाये जाने से मौके पर से आरोपी को थाना लाकर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों से फसल नुकसानी का सिलसिला लगातार जारी







जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में हाथियों से फसल नुकसानी का सिलसिला लगातार जारी है लिहाजा हाथी प्रभावित क्षेत्र के किसान घूम रहे हाथीयों से खासा चिंतित हैं।

धरमजयगढ वनमंडल अंतर्गत जानकारी के अनुसार बिती रात ओंगना पोटिया और बोजिया गांव के किसान अलोक लकडा, बीरबल लकड़ा, पुरुषोत्तम गुप्ता, और राजाराम के खेत मे हाथी उधम मचाकर फसल नुकसान किए हैं,फसल की नुकसानी व हाथी मौजूदगी से किसान खासा भयभीत हैं।

बताया जा रहा है ओंगना और पोटिया मार्ग किनारे जंगल मे 16 के दल में हाथी विचरण कर रहे हैं वहीं छाल के बोजिया जंगल क्षेत्र में 22 हाथी घूम रहे हैं ग्रामीणों के अनुसार हाथी रात में गांव किनारे खेत बाड़ी की ओर घुसपैठ करते हैं और फसलों को नुकसान पहुंचाकर दिन में जंगल की ओर चले जाते हैं ऐसे में हाथी से फसल ही नही जीवन का खतरा भी खतरा बना हुआ हैं।

इन हालातों में बता दें,संबंधित वन विभाग के दैनिक वेतन भोगियों का हड़ताल पे जाना बेहद परेशानी की वजह है क्योंकि हाथी मित्रदल हाथियों का लोकेशन लेने से लेकर उन्हें जंगल में भगाने और लोगों को हाथी से सचेत करने का काम करते हैं।

ऐसे में उनकी अनुपस्थिति हाथी प्रभावित क्षेत्रवासियों के लिए किसी भयंकर परेशानी से कम नही है।

## एक नजर

## रतनपुर पुलिस ने 6 जुआरियों को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



21 अगस्त को मुखबीर के सूचना मिली की उसराभाठा नेवसा के शासकीय गौठान के पास कुछ लोग रूपयों पैसों का दॉंव लगाकर जुआ खेल रहें हैं। कि सूचना पर रतनपुर पुलिस द्वारा मुखबीर के बताये स्थान शासकीय गौठान उसराभाठा नेवसा में रेड कार्यवाही किया गया मौके पर जुआड़ियान 01.रफीक मोहम्मद से 1300 रूपये, 02. सुरेश कुमार नेताम से 1800 रूपये, 03. दुरवाशा वर्मा से 2700 रूपये, 04. देवकुमार प्रधान से 900 रूपये, 05. रविन्द्र कुमार कश्यप से 1100 रूपये, 06. मनबोध साहू से 5300 रूपये कुल नगदी रकम 13100 रूपये , 01 नग तिरपाल व 52 पत्ती ताश को समक्ष गवाह के जप्त कर, आरोपियों को जप्त मशरूका के थाना लाकर जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई।गिरफ्तार आरोपी1.रफीक मोहम्मद पिता स्व. इसहाक मोहम्मद उम्र 35 वर्ष निवासी मचखण्डा थाना सीपत2.सुरेश कुमार नेताम पिता छोटेलाल नेताम उम्र 40 वर्ष निवासी जाली थाना रतनपुर 3.दुरवाशा वर्मा पिता स्व. त्रिवेक वर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी टेकर थाना सीपत 4.देव कुमार प्रधान पिता स्व. मालिक राम उम्र 36 वर्ष निवासी कसियरापारा लिम्हा थाना रतनपुर 5.रविन्द्र कुमार कश्यप पिता रोहित कश्यप उम्र 22 वर्ष निवासी नेवसा थाना रतनपुर 6. मनबोध साहू पिता पंचराम साहू उम्र 36 वर्ष निवासी मचखण्डा थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)।

# ग्राम बिन्द्रानवागढ़ में हुई कबड्डी प्रतियोगिता

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने विजेताओं को बांटे पुरस्कार

**गरियाबंद** । ग्राम बिन्द्रानवागढ़ में बिंद्रा सम्राट कबड्डी क्लब एवं ग्रामवासियों के सौजन्य से कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कबड्डी प्रतियोगिता में बस्तर,ओड़िशा व प्रदेश के दूर दूर से ख्याति प्राप्त लगभग 40 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला अमलोर (छुरा) व तर्रा (राजिम) के बीच खेला गया जिसमें तर्रा की टीम ने अमलोर की टीम को हराकर खिताब पर कब्जा किया। इस दौरान विजेता टीम को 10001 रुपये व प्रशस्ति पत्र एवं उपविजेता टीम को 7001 रुपये व प्रशस्ति पत्र कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।प्रतियोगिता का समापन समारोह जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम के मुख्य आतिथ्य में तथा जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम की अध्यक्षता व बिन्द्रानवागढ़ पुलिस चौकी प्रभारी यदुराज ठाकुर,सरपंच लक्ष्मी ध्रुव, उपसरपंच रीना सिन्हा के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।उनके साथ इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी व आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय नेताम ने कहा कि बिंद्रा सम्राट कबड्डी क्लब द्वारा आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता एक अच्छी पहल और सराहनीय कदम है। क्लब की तरफ से लगातार खेलों के आयोजन कराए जाने चाहिए जिससे क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा मिलेगा इसके लिए हमारा हरसंभव सहयोग रहेगा।

उन्होंने सभी ग्रामवासियों को जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व हमें विविध आयोजनों और लोकसंस्कृति के विविध रूपों से परिचित कराने का अवसर प्रदान करती है। जिस प्रकार योगेश्वर भगवान कृष्ण अपनी नटखट लीलाओं से ब्रजवासियों को मंत्रमुग्ध करते थे उसी प्रकार हमारे आयोजनकर्ता साथी भी विविध आयोजनों प्रदर्शन से हमें मंत्रमुग्ध कर दिया।जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने आह्वान करते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावनाओं से खेलना चाहिए और खेलकूद में हार-जीत चलती रहती है।

# बाड़ी में खेलते वक्त मासूम को सांप ने डसा,अस्पताल में भर्ती, ओंगना गांव की घटना

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**उमस के बीच लगातार हो रही बारिश से जहरीले व गैर जहरीले सांप भारी तादाद में नजर आ रहे हैं वहीं सांपो का घरों में घुसने की ख़बर भी क्रमस: जारी है।**



इसी क्रम में आज ओंगना गांव का एक दस वर्षीय मासूम रोहन घर के बाड़ी में खेलते वक्त किसी सांप के संपर्क आ गया और फिर सांप उसके हाथ को काट लिया हालांकि काटने के बाद रोहन सांप को बिल में घुसते देख लिया फिर उसने सांप काटने की बात अपने पिता संतराम को बताई घबड़ाकर परिजन सबसे पहले रोहन को उपचार के लिए धर्मजयगढ़ हॉस्पिटल ले आए जहाँ बच्चे का उपचार जारी कर दिया गया उसके तुरंत बाद सांप की पहचान जानने परिजनों ने उस बिल को खोद डाला तो पता चला रोहन को डसने वाला विषधर नाग था जो वहीं बिल में घुसा बैठा था सांप को ढककर परिजन सांप के विषय मे डॉक्टर को जानकारी दिए लिहाजा उस मुताबिक डॉक्टरों द्वारा रोहन का बेहतर इलाज किया गया नतीजा साकारात्मक रूप में सामने आया बताया जा रहा है अब रोहन की हालत में बेहद सुधार है।

यहाँ कह सकते हैं रोहन के परिजनो की सूझबूझ जागरूकता व तत्परता से मासूम अब खतरे से बाहर है।

# गांव में घुस आये हाथी वन विभाग के कर्मचारी नदारद

## हाथी मित्रदल हड़ताल में, ग्रामीण करें तो करें क्या

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**आये दिन धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथी का जमावाड़ा लगा रहता है। कभी हाथी लोगों को नुकसान पहुंचाता है तो कभी लोग हाथी को नुकसान पहुंचा रहे हैं।**



लेकिन वन विभाग इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं निकाल पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में हाथी समस्या आम बात हो गया है। हाथी गांव की ओर आ जाने से हाथी मित्रदल द्वारा हाथी को भगाने में मदद करते हैं। लेकिन हाथी मित्रदल हड़ताल में होने के कारण ग्रामीणों को हाथी समस्या से भारी परेशानी उठाना पड़ रहा है। वर्तमान में धरमजयगढ़ परिक्षेत्र के मेडरमार कालोनी में 2 हाथी, पोटिया खलबोरा में हाथी का एक झुंड और सागरपुर में एक दंतैल हाथी की जानकारी वन विभाग को होने के बाद भी वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी घर में अराम कर रहे हैं और ग्रामीण हाथी के डर से रतजगा करने को मजबूर हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को हाथी आने की जानकारी देने के बाद भी वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी नहीं आ रहे हैं, और हाथी मित्रदल के सदस्यों को फोन कर जानकारी देने पर उनके द्वारा बताया जा रहा है कि हम लोग हड़ताल में हैं।

# अनुभवों की सीढ़ी से उत्कृष्टता के शिखर की ओर बालको...

**देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। राष्ट्र की आत्मनिर्भरता के लिए जिन शुरूआती उद्योगों की कुंडली देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लिखी, बालको उनमें से एक है। देश के पुरोधाओं ने भारत को विज्ञान और तकनीक संपन्न बनाने का सपना देखा और कई उद्योग धंधे अनेक देशों के सहयोग से शुरू होते चले गए।**

आजादी के बाद देश में औद्योगिक क्रांति का दौर शुरू हुआ जिसमें बालको का निर्माण हुआ। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको, देश में औद्योगिक उत्कृष्टता का पैमाना है। राष्ट्र की आत्मनिर्भरता में 58 वर्षों से योगदान दे रही इस कंपनी ने उत्पादन, उत्पादकता, गुणवत्ता, शोध एवं विकास, ग्राहक संतुष्टि, नवाचार, औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण, मानव संसाधन प्रबंधन, सामुदायिक विकास आदि विभिन्न क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रति वर्ष 5.70 लाख टन उत्पादन क्षमता वाले बालको के उत्पादों ने दुनियाभर में विशिष्ट पहचान बनाई है। बालको में स्थापित अत्याधुनिक तकनीकों और उत्पादन प्रक्रियाओं और इसके कर्मवीरों ने अपनी मेहनत से एल्यूमिनियम को देश के हरित और खुशहाल भविष्य का पर्याय बना दिया है। पिछले एक दशक में वेदांता समूह ने बालको से अर्जित लाभ का लगभग 98 प्रतिशत हिस्सा औद्योगिक विकास कार्यों में वापस निवेश किया है। आधी शताब्दी के दौरान बालको ने देश की सामान्य जरूरतों के लिए धातु की आपूर्ति तो सुनिश्चित की हीए वैज्ञानिक एवं रणनीतिक महत्व की परियोजनाओं में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थित दर्ज कराई। देश में निर्मित लंबी दूरी तक मार करने वाली अनेक मिसाइलों में बालको के एल्यूमिनियम का प्रयोग हुआ तो अंतरिक्ष संबंधी उपकरणों में बालको की कारीगरी मिसाल बनी।

बालको की प्रगति की कहानी को एक संयंत्र और उसमें लगी मशीनों की प्रगति और विस्तार के तौर पर देखने का नजरिया



संकुचित होगा। गलियों को चौड़ी सड़कों मेंए कच्चे घरों को पक्के मकानों में अंधेरी गलियों को बिजली से रौशन होते हुए और शिक्षा का उजियारा हर घर तक पहुंचते हुए देखा। बालको के कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री अभिजीत पति ने कहा कि समाज को समृद्ध बनाना हमारा नैतिक दायित्व है। बालको के उद्यमशील नागरिक यह भली-भांति महसूस करते हैं कि उनके कार्यों से आने आने वाले पीढियों का भविष्य तय हो रहा है। उनके योगदान से स्वर्णिम भविष्य की नींव तैयार हो रही है। शासन.प्रशासन और आम नागरिकों के सहयोग से बालको द्वारा विकास का उत्कृष्ट वातावरण तैयार किया जा रहा है। सतत विकास के लिए बालको की यात्रा जारी रहेगी। सही मायने में उद्योगों पर अधिकार उसमें काम कर रहे कर्मचारियों का है।

साथ ही कोरबा की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति में बालको का योगदान महत्वपूर्ण है। बालको से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रुप से जुड़े देश भर के नागरिक उद्योग के जरिए राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे रह हैं। स्थानीय स्तर पर ही 5000 से अधिक व्यवसाय बालको की प्रगति से जुड़े हैं। साढ़े पांच दशकों में बालको की भागीदारी से लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं।



प्रचालन क्षेत्र से लगे गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत संरचना विकास की परियोजनाओं से जरूरतमंदों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में मदद मिल रही है। सामुदायिक विकास के दायरे में 4 गांव से 123 गांव शामिल हो चुके हैं।

विविधतापूर्ण कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के दृढ़ संकल्प के साथ बालको भारत की उन चुनिंदा मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में शामिल है जिन्होंने थर्ड जेंडर नागरिकों को रोजगार के अवसर दिए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य की पहली ऐसी औद्योगिक इकाई बन गई है जहां किसी भी तरह के लैंगिक भेदभाव के परे नागरिकों को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिल रहा है।

औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। बालको पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को प्रोत्साहित करते हुए अब तक लगभग 43 लाख पौधे रोपे हैं। बालको 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप अपने संचालन को कार्बन रहित करने के लिए मजबूत कदम उठा रही है। कंपनी बायोमास ब्रिकेट्स के साथ थर्मल पावर उत्पादन के लिए अपने ईंधन मिश्रण को हरित कर रहा हैए जिसमें सालाना 0.43 मिलियन टन कार्बन डॉइआक्साईड समकक्ष जीएचजी उत्सर्जन को कम करने की क्षमता है। वित्त वर्ष 2022 में बालको ने 22085 गीगा जूल की ऊर्जा बचत की। वैश्विक बेंचमार्क के अनुसार बालको की करेंट इफ िसिएंसी, भारत के एल्यूमिनियम बिजनेस में उसके समकक्षों के बीच पॉटलाइन में कुल डीसी और एसी बिजली की खपत सबसे कम होने से उर्जा बचत हुई।

75 बेड युक्त बालको अस्पताल साढ़े चार दशकों से ऐसे स्वास्थ्य केंद्र के रूप में काम कर रहा है जहां क्षेत्रीय नागरिकों के लिए विभिन्न विशेषज्ञ सेवाएं मौजूद हैं। सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक और चिकित्साकर्मियों का दल बालको के कर्मचारियों, ठेका कर्मचारियों, उनके परिवारजनों और समुदाय के नागरिकों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करा रहा है। जिला प्रशासन की हरसंभव मदद के लिए अस्पताल कटिबद्ध है। बेहतरीन प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बालको अस्पताल को आईएसओ 9001-2015 प्रमाणपत्र मिल चुका है।

बालको ने शिक्षा के उन्नयन को सदैव ही सर्वोपरि रखा। पिछले लगभग दो वर्षों से बालको में निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संगठन दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं। वर्ष 2012 तक केंद्रीय विद्यालय संगठन का स्कूल संचालित था। इसके अलावा बालको टाउनशिप में 15 और भी स्कूल हैं जिनके संचालन में बालको प्रबंधन मदद करता है। सकारात्मक सामाजिक बदलाव में स्कूलों का बड़ा योगदान है। 5000 से अधिक छात्र-छात्राएं बालको की मदद से संचालित स्कूलों से लाभान्वित हो रहे हैं।

किसी भी देश के औद्योगिक विकास का असली मकसद है वहां रहने वाले नागरिकों को समृद्ध और वैभवशाली बनाना। समृद्धि का पर्याय उत्पादन और उत्पादकता के कीर्तिमानों भर से नहीं है बल्कि कारखाने से प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जुड़े नागरिकों के जीवन स्तर में उठाव और उनके चेहरों पर आने वाली मुस्कान ही विकास का असली मानदंड है।

इन अर्थों में वेदांत समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको देश, छत्तीसगढ़ और कोरबा क्षेत्र की ऐसी उत्कृष्ट औद्योगिक इकाई है जिसने सही अर्थों में अपनी तकनीकी और आर्थिक प्रगति को नागरिकों की तरक्की से जोड़ा है। छत्तीसगढ़ में बालको की प्रगति का अर्थ सरकारी राजस्व में वृद्धि, प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार के अवसरों में बढ़ोत्तरी, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन, बिजली, सड़क जैसी आधारभूत संरचना के विकास, पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन, प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसरों से भी है। राज्य, देश और दुनिया की औद्योगिक बिरादरी में बालको का विशिष्ट स्थान है। सफलता की यह कहानी बालको अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका कामगारों ने साढ़े पांच दशकों के लंबे अंतराल में अपने खून-पसीने से लिखी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in